




दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938


नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 163 | ग्वालियर,22 फरवरी गुरुवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## गुरुग्राम रेलवे स्टेशन का होगा अपग्रेडेशन, पीएम मोदी 26 फरवरी को रखेंगे नींव

दिल्ली से सटे साइबर सिटी गुरुग्राम को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से एक तोहफा मिलने वाला है. गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से 26 फरवरी को शिलान्यास करेंगे. गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण के बारे में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को रेलवे की अनेक परियोजनाओं का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से करेंगे. जिसमें गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की योजना भी शामिल है. जिस पर करीब 295 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे. गुरुग्राम रेलवे स्टेशन अपग्रेडेशन के बाद विश्व स्तर की सुविधा विकसित की जाएगी. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी देश को रेलवे की हजारों करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे. केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया



कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन का अपग्रेडेशन दो चरणों में होगा. पहले चरण में करीब 295 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे और दूसरे चरण में भी करीब इतनी ही राशि खर्च की जाएगी. अपग्रेडेशन कार्य में खास बात यह होगी कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन को दो एंट्रियां मिल जाएंगी. अब राजेंद्र पार्क की ओर से भी गुरुग्राम के लोगों को रेलवे स्टेशन के लिए प्रवेश मिलेगा. योजना तैयार की जा रही है कि दौलताबाद फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहन भी सीधे स्टेशन से जुड़ जाएं, इसके लिए रेलवे अधिकारियों की जीएमडीए से वार्ता चल रही है. रेल भूमि विकास प्राधिकरण ने गुरुग्राम स्टेशन के अपग्रेडेशन योजना को तैयार कर रहा है.

**हटेगा सीमेंट यार्ड और मारुति का वाहन यार्ड**-आपको बता दें कि नए अपग्रेडेशन प्लान के अनुसार रेलवे स्टेशन के आसपास कॉलोनी में रहने वाले लोगों की पुरानी मांग है कि सीमेंट यार्ड को हटाने की पूरी हो जाएगी. राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि उन्हें कई बार आसपास की कॉलोनी के लोगों की शिकायतें प्राप्त हुई थी कि सीमेंट यार्ड होने के कारण उनके घरों में सीमेंट की धूल आती है और उनको सांस लेने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. इसके साथ साथ राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अपग्रेडेशन प्लान में उन्होंने रेलवे अधिकारियों को सीमेंट यार्ड को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे, जिसे अपग्रेडेशन प्लान में शामिल कर लिया गया है.

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन अपग्रेडेशन योजना के तहत करीब 12 लिफ्ट, एस्केलेटर, दो मंजिला फूड कोर्ट, फुट ओवर ब्रिज,मल्टीलेवल पार्किंग, सोलर पैनल आदि लगाए जाएंगे. उन्होंने बताया इसे पूर्व रेलवे की ओर से पटौदी रोड और रेवाड़ी- रेलवे स्टेशन का चयन अमृत भारत मिशन के तहत किया था, जिन पर काम शुरू कर दिया गया है.

## कांग्रेस की बात मान कर भी गठबंधन के विनर बन गए अखिलेश यादव, क्या बदल पाएगा इन 17 सीटों का इतिहास?

उत्तर प्रदेश में इंडिया अलायंस के तहत चुनाव लड़ रहे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने बुधवार को गठबंधन का एलान कर दिया. सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं. 17 सीटों की बात पर कांग्रेस पहले ही तैयार हो चुकी है. हालांकि अखिलेश यादव ने कांग्रेस को जो 17 सीट दी है. उसके पीछे भी समाजवादी पार्टी ने अपनी हार-जीत का पूरा ध्यान रखा है. ऐसे में यह कहा जा सकता है जो कांग्रेस 11 सीट पर अलायंस के लिए मन मसोस रही थी, वही 17 सीटों पर जब तैयार हुई तब भी अखिलेश ही अलायंस के विनर कहे जा सकते हैं.बता दें समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को वही सीटें ऑफर की हैं. जहां उसकी स्थिति कमज़ोर है. जब आप इन सीटों पर इतिहास देखेंगे. 17 में से 7 सीट ऐसी है. जिन्हें समाजवादी पार्टी अपने 32




साल के इतिहास में आज तक नहीं जीत सकी. इसके अलावा दूसरी 7 सीटें ऐसी हैं. जहां समाजवादी पार्टी सिर्फ 1 बार जीती और 3 सीट पर सिर्फ 2-2 बार जीती.कांग्रेस उत्तर प्रदेश में रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया सहित 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी.

### जैसे श्रवण कुमार ने माता-पिता को तीर्थ यात्र कराई, वैसे ही मैं..., बुजुर्गों से बोले सीएम केजरीवाल



मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 91वें ट्रेन को हरी झंडी दिखाई. सीएम केजरीवाल ने इस दौरान श्रवण कुमार का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उन्होंने अपने माता-पिता को तीर्थ यात्रा कराई थी वैसे ही मैंने अपने माता-पिता को यात्रा कराई. सीएम केजरीवाल ने कहा, 10-15 दिन पहले मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि मैं अपनी पत्नी और माता-पिता के साथ अयोध्या गया और रामलला का आशीर्वाद लिया, मेरे साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान उनकी पत्नी और माता-पिता थे. मेरा एक परिवार है

## यूपी में गठबंधन बचाने की आखिरी कोशिश अखिलेश यादव ने कांग्रेस को ऑफर की 17 सीटें

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी गठबंधन बचाने की आखिरी कोशिश में लगी हुई है. इस बीच खबर है कि सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें ऑफर की हैं.समाजवादी पार्टी की ओर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर 17 सीट देने की बात कही गई है.समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि ÷हमने कांग्रेस को 17 सीट ऑफर की है लेकिन अभी तक उनका जवाब नहीं आया है. इससे पहले सपा ने 11 सीट आफर की थी. हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि सपा ने कांग्रेस को कौन सी सीटें ऑफर की हैं. बता दें सपा अब तक 27 सीटों पर प्रत्याशी उतार चुकी है. हालांकि इसमें कुछ



ऐसी सीटें भी हैं जिन पर कांग्रेस भी दावा कर रही है.गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को अमेठी से गुजरेगी जिसके बाद वह रायबरेली में प्रवेश करेगी. सपा प्रमुख ने पहले कहा था कि वह रायबरेली में राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे.कांग्रेस ने कल रात अमेठी में एक बयान जारी कर कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अमेठी में इस यात्रा में उपस्थित रहेंगे. इससे पूर्व, सपा ने देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 11 सीट की पेशकश की थी, जबकि कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने अधिक सीट की मांग की है.प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पहले कहा था कि उनकी पार्टी को करीब दो दर्जन सीट दी जानी चाहिए जहां 2009 के लोकसभा चुनाव में उसने जीत हासिल की थी. समाजवादी पार्टी और कांग्रेस विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में साझीदार हैं. कांग्रेस ने पिछली बार उत्तर प्रदेश में एकमात्र रायबरेली की सीट जीती थी. उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीट हैं

## आयुष्मान भारत योजना में कौन सी बड़ी सर्जरी होती हैं कवर?

किसी भी बीमारी का इलाज कराने जब आप अस्पताल पहुंचते हैं तो वहां इस पर आने वाला खर्च सुनते ही होश उड़ जाते हैं. किसी भी छोटी बीमारी का ठीक से इलाज कराने पर प्राइवेट अस्पतालों में लाखों रुपये चार्ज किया जाता है. यानी गरीब लोगों के लिए अस्पताल में इलाज कराना मुमकिन नहीं है, इसीलिए केंद्र सरकार की तरफ से आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है, जिसमें देश के करोड़ों गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है. आज हम आपको बता रहे हैं कि आयुष्मान भारत योजना में कौन सी बड़ी सर्जरी कवर होती हैं.



**कई बीमारियों का होता है इलाज**-आयुष्मान भारत योजना में पहले 1760 तरह की बीमारियों का इलाज होता था, लेकिन बाद में इससे 196 बीमारियों और सर्जरी को अलग कर लिया गया था. यानी प्राइवेट अस्पतालों में इन बीमारियों का इस योजना के तहत इलाज बंद हो गया. इनमें मोतियाबिंद, सर्जिकल डिलीवरी, और मलेरिया समेत कई बीमारियां थीं.

**करवा सकते हैं ये सर्जरी**-अब बात करते हैं कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कौन-कौन सी सर्जरी आप करवा सकते हैं. इसमें प्रोस्टेट कैंसर, डबल वॉल्व रिप्लेसमेंट, कोरोनरी आर्टरी बाइपास, पल्मनरी वॉल्व रिप्लेसमेंट, स्कल बेस सर्जरी, टिश्यू एक्सपेंडर, पीडियाट्रिक सर्जरी, रेडिएशन ओंकोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, एंजियोप्लास्टी विद स्टेंट जैसी सर्जरी करवाई जा सकती हैं. ये सर्जरी आप योजना के अंतर्गत आने वाले प्राइवेट अस्पतालों में भी करवा सकते हैं. आंकड़ों के मुताबिक 80 फीसदी से ज्यादा लोग आयुष्मान भारत योजना के तहत प्राइवेट अस्पतालों में ही इलाज करवाते हैं, हालांकि बड़े और सभी प्राइवेट अस्पताल इस योजना में नहीं आते हैं.

## इंदौर में दादा के साथ जा रही थी मासूम, अनियंत्रित कार के कुचलने से मौत


मध्य प्रदेश के इंदौर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. इस हादसे में एक अनियंत्रित कार ने मुड़ते समय एक चार साल की बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया. कार की चपेट में आने से बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई. इस हादसे की फुटेज मौके पर लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. रोंगटे खड़ा कर देने वाला ये मामला इंदौर के हातोद थाना क्षेत्र स्थित कुमार मोहल्ले का है. जहां बच्ची अपने दादा के साथ के साथ जा रही थी. इस दौरान एक कार सवार ने मासूम बच्ची को कुचल दिया है. रोंगटे खड़े कर देने वाले इस हादसे की फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गई है. हालांकि पीड़ति के दादा और अन्य लोगों ने कार सवार का पीछा किया, लेकिन कार सवार मौके से फरार होने में कामयाब हो गया. बच्ची को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती करवाया गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

**दादा के साथ जा रही थी बच्ची**-दरअसल, यह पूरा मामला इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र हातोद थाना क्षेत्र के कुमार मोहल्ले का है, जहां पर 4 वर्षीय जैनब नामक बच्ची अपने दादा के कहीं साथ जा रही थी. तभी पीछे से आई एक काले रंग की अनियंत्रित कार ने टर्न लेने के दौरान मासूम जैनब को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में मासूम बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई, इसके बाद ड्राइवर अमानवीयता दिखाते हुए मौके से फरार हो गया.

**आरोपी कार चालक गिरफ्तार**-बच्ची को कार के जरिए मौत के घाट उतारने का दिल दहला देने वाला सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है. जिसमें कार चालक के द्वारा मासूम को कुचलने का खौफनाक मंजर कैद हुआ है. फिलहाल मामले में कार चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है

## लाडली बहनों को नहीं करना होगा इंतजार, अगले महीने के इस तारीख को मिलेंगे पैसे

मध्य प्रदेश में लाडली बहनों के लिए खुशखबरी है. अब लाड़ली बहनों को महीने की 10 तारीख का इंतजार नहीं करना होगा, बल्कि उनके खातों में राशि महीने की पहली ही तारीख को आ जाएगी यानी एक तारीख को. इस बात की घोषणा आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही है. जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री



डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस बार होली और महाशिवरात्रि के कारण लाड़ली बहनों के बैंक खातों में राशि 1 मार्च को आएगी. सीएम ने कहा कि हमारी सरकार के पास पैसों की कमी नहीं है. हमारी लाडली बहनों को अब 10 तारीख का भी इंतजार करने की जरुरत नहीं है. अब लाड़ली बहनों के खाते में महीने की एक ही तारीख को राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी.

**प्रदेश में 1 करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनें**-बता दें प्रदेश में वर्तमान में लाड़ली बहनों की संख्या 1 करोड़ 29 लाख है. हालांकि शुरुआत में लाड़ली बहनों की संख्या 1 करोड़ 32 लाख थी. बाद में इस योजना के तहत नाम नहीं जुड़ पाने की वजह से लाड़ली बहनों की संख्या बढने् की बजाए घट ही है. हर महीने अपात्र होने वाली लाड़ली बहनों के नाम स्वतः ही कटे जा रहे हैं.

## किसानों के दिल्ली मार्च से पहले ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी




दर्शनकारी किसानों ने पांच सालों तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी एजेंसियों के मार्फत दालें, मक्का और कपास की फसलें खरीदने के केंद्र के प्रस्ताव को खारिज कर दिया. इसके साथ ही किसानों ने बुधवार को अपने दिल्ली चलो मार्च पर आगे बढ़ने का एलान कर दिया. बुधवार को किसान राजधानी की ओर बढ़ने का प्रयास करेंगे. वहीं पुलिस ये कोशिश है कि, किसानों को राजधानी में एंट्री न करने दी जाए. इसके लिए दिल्ली को किले में तब्दील किया गया है. किसानों के लिए इस सुरक्षा के किले को भेद पाना आसान नहीं होगा.

## एमपी में कल से बदलेगा मौसम, बारिश के साथ पड़ेंगे ओले,

मध्य प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम में एक बार फिस से बदलाव देखने को मिलेगा. मौसम विभाग का कहना है कि 22 फरवरी के बाद से मौसम साफ होने लगेगा, लोकिन बादलों की आवाजाही बनी रहेगी. इस दौरान भिंड, ग्वालियर, दतिया जिले में बूंदाबारी हो सकती है. जबकि भिंड-मुरैना जिले में छोटे आकार के ओले गिरने के संभावना है.मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सेंट्रल छत्तीसगढ़ के ऊपर साइकोनिक सर्कुलेशन बना है, वहीं ट्रफ लाइन गुजर रही है, जिसका असर मध्य प्रदेश के मौसम में साफतौर पर देखने को मिलेगा. अगले 24 घंटे में अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी में हल्की बारिश होने का अनुमान है. इसके बाद मौसम खुल जाएगा और रात के तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट हो सकती है. मौसम विभाग का अनुमान है कि एमपी में अगले कुछ दिनों में बारिश हो सकती है.

**एमपी में तापमान का हाल**-मौसम विभाग के मुताबिक एमपी के सीधी का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम 17.4, पचमढ़ी का अधिकतम तापमान 27.0, न्यूनतम 14.4, रीवा 30.2-14.4, रायसेन 33.4-18.0, खजुराहो 33.2-15.4, खंडवा 32.6-14.0, सतना 32.5-16.4, नौगांव 32.0-16.2, मलाजखंड 30.2-17.5, छिंदवाड़ा 31.4-15.0, सागर 33.6-

## फैकल्टी के डुप्लिकेशन वाले नर्सिंग कॉलेजों पर गिरेगी गाज, हाईकोर्ट ने रिटायर्ड जज को सौंपी जांच

मध्य प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े से जुड़े मामले में हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है. यह कमेटी उन कॉलेजों के संबंध में कार्रवाई के लिए अपनी सिफारिश देगी, जिनमें सीबीआई जांच में कमियां पाई गई थी. एमपी हाई कोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस एके पालीवाल की विशेष खंडपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि जो कॉलेज अयोग्य पाए गए हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए.

कोर्ट ने तीन से अधिक फैकल्टी के डुप्लिकेशन होने पर प्रति फैकल्टी एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए हैं. इस मामले में अगली सुनवाई 22 फरवरी 2024 को होगी. यहां बताते चले कि लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता विशाल बघेल की नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े से जु?ी जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने विस्तृत आदेश जारी किया है. हाई कोर्ट ने जो कमेटी गठित की है, उसके चेयरमैन हाई कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आरके श्रीवास्तव होंगे. इसके अलावा आईएएस राधेश्याम जुलानिया और इंदिरा गांधी नेशनल ट्रायबल विश्वविद्यालय अमरकंटक के कुलपति इसके सदस्य होंगे.

**झूठी रिपोर्ट देने वाले इंस्पेक्टर पर होगी कार्रवाई**-कोर्ट ने जांच कमेटी को सीबीआई जांच में कमियां पाये गये 74 कॉलेजों के खिलाफ कार्रवाई करने का दायित्व सौंपा है. इसके साथ ही कमियों में सुधार के लिए कॉलेजों को समय देना और की गई कमी पूर्ति की पुष्टि करना है. इस कमेटी का काम छात्रों को उपयुक्त पाये गये कालेजों में स्थानांतरित करने की योजना बनाना भी



है. कमीपूर्ति नहीं करने वाले कॉलेजों को तत्काल बंद करने की अनुशंसा करने की जिम्मेदारी भी इसी कमेटी पर होगी.

इसके अलावा कॉलेजों का निरीक्षण कर झूठी रिपोर्ट देने वाले इंस्पेक्टर्स के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित करना और नर्सिंग शिक्षा में सुधार हेतु नियमों, विनियमों और गुणवत्ता के संबंध में सुझाव देना भी इस कमेटी के जिम्मे सौंपा गया है.

**ये होगा जांच का प्रारूप**-हाई कोर्ट ने सीबीआई के लिए बचे हुए नर्सिंग कॉलेजों की जांच का प्रारूप भी तय किया है. सीबीआई को आवेदन फॉर्म में मान्यता प्राप्त करते समय दर्शाए गए भवन, पते, संसाधन, जियो टैगिंग और भवन किराये का है अथवा स्वयं का, इन सभी तथ्यों को सत्यापित करना होगा.उसके बाद निर्धारित प्रारूप में अपनी जांच रिपोर्ट 3 माह में सौंपनी होगी.

## दतिया राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दतिया जिले का दौरा, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत,



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

मां पीतांबरा के किए दर्शन कर पूजा अर्चना। कीष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय रमेश चंद्र द्विवेदी ÷राजू भैया÷ ने आज दतिया का दौरा किया तथा पीतांबरा पीठ जाकर माता के दर्शन किए व पूजा अर्चना की।तत्पश्चात राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के पदाधिकारियों ने डॉक्टर अनिल कुमार अर्गल के नर्सिंग होम पर उनका भव्य स्वागत सम्मान किया। स्वागत समारोह में जिला अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार अर्गल, मध्य प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप प्रधान महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ. रीना अर्गल, नवल किशोर गौतम नितेश यादव और डॉ राजवीर डॉ रजनी पटेल देव शर्मा अनु यादव सहित राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन, दतिया जिले के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मित्रता करो,तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी-रमाकांत जी महाराज

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** मित्रता करो,तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी।यह बात कथावाचक परम् पूज्य पंडित रमाकांत महाराज जी ने दबोह क्षेत्र के सुप्रसिद्ध सिद्ध धार्मिक स्थल मां रणकौशला देवी मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कही।कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सच्चा मित्र वही है,जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे।परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है।जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है,तब तक मित्रता रहती है।जब स्वार्थ पूरा हो जाता है,मित्रता खत्म हो जाती है।उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं।जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं,तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं।सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान



श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है।प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं।तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है।द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया।उन्होंने कहा कि सुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त रहे हैं।वह जीवन में जितने गरीब नजर आए,उतने वे मन से धनवान थे।उन्होंने अपने सुख व दुखों



को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण ने मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे,बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा।मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए।अगर सच्चा मित्र है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए।जीवन में मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए।श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए।आपको बता दें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 फरवरी 2024 को माँ जगतजननी रणकौशला देवी के जन्मोत्सव के चलते श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन मन्दिर परिसर में किया जा रहा है।जिसमे कथा का रसपान कथाव्यास परम् पूज्य पंडित रमाकांत जी महाराज के द्वारा श्रोताओं को कथा का रसपान कराया जा रहा है।वहीं इस बार पारीक्षत बनने का सौभाग्य तहसीलदार अमित दुबे के माता पिता राधामोहन दुबे-श्रीमती रेखा दुबे को प्राप्त हुआ है।चरण सेवक के रूप में अमित दुबे(तहसीलदार)व उनकी पत्नी दिव्या दुबे(उप पुलिस अधीक्षक)को अवसर मिला है।

## आज धूमधाम से मनाया जाएगा माँ रणकौशला देवी का जन्मोत्सव माँ का होगा विशेष श्रृंगार,लगेगा 56 भोग

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



दबोह- सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ जगतजननी माँ रणकौशला देवी का जन्मोत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज गुरुवार 22 फरवरी को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा।मन्दिर के पुजारी हलधर पंडा ने बताया कि मां के जन्मोत्सव पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधिविधान से माता का अभिषेक किया जाएगा तदोपरांत हवन,पूर्णाहुति,माँ का विशेष मनमोहक श्रृंगार उसके बाद दिव्य आरती की जाएगी व 56 भोग भी लगाया जाएगा।जिसके बाद विशाल भण्डारा भी आयोजित होगा जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण प्रसादी ग्रहण करेंगे।आपको बता दें कि मां के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 15 फरवरी से 21 फरवरी तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन मन्दिर प्रांगण में चल रहा था।कथा में अमृत रूपी वर्षा कर परम् पूज्य कथा वाचक रमाकांत जी महाराज के मुखारबिंद से श्रोताओ को कथा का रसपान कराया जा रहा था।जिसमे पारीक्षत के रूप में मप्र के नरवर मे पदस्थ तहसीलदार अमित दुबे के पूज्य पिताजी-माताजी राधामोहन दुबे-रेखा दुबे रहे व चरण सेवक के रूप में तहसीलदार अमित दुबे व उनकी धर्मपत्नी उप पुलिस अधीक्षक दिव्या दुबे सह परिवार मौजूद रही।मां के जन्मोत्सव के चलते कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मन्दिर के पुजारी हलधर जी महाराज व चरण सेवक तहसीलदार अमित दुबे व कार्यक्रम आयोजित समिति ने भक्तों से ज्यादा से ज्यादा सँख्या में शामिल होकर सफल बनाने की अपील कर इस पुण्य कार्य मे उपस्थित रहने की अपील की है।

**सांसद चौधरी की मांग पर संसदीय क्षेत्र में होगा दो ट्रेनों का ठहराव**

## सांसद चौधरी की मांग पर संसदीय क्षेत्र में होगा दो ट्रेनों का ठहराव

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

जोधपुर। जोधपुर-भटिंडा एक्सप्रेस और जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेनों का अब पाली संसदीय क्षेत्र के अलग-अलग चार स्टेशनों पर ठहराव होगा। पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी की मांग पर रेल मंत्रालय इसकी मंजूरी दे दी है। सांसद चौधरी ने कहा कि उनकी मांगों पर लगातार रूप से केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा लगातार रूप से सकारात्मक संज्ञान लिया है और समय-समय पर पाली संसदीय क्षेत्र को रेल क्षेत्र में विभिन्न सौगातें दी है।



इसी कड़ी में जोधपुर भटिंडा एक्सप्रेस का जाजीवाल एवं उम्मेद स्टेशन और जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस का असारानाडा व खारिया खंगार रेलवे स्टेशनों पर बहु-प्रतीक्षत एवं महत्वपूर्ण ठहराव की मंजूरी मिल गई है। लंबी दूरी के इन दोनों ट्रेनों के ठहराव से भोपालगढ़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों के आम नागरिकों, व्यापारियों, छात्रों सहित मरीजों को आवागमन की दृष्टि से बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्र के विभिन्न उद्योगों को भी इससे लाभ होगा। विदित है कि पिछले लंबे अंतराल से पाली सांसद चौधरी रेलों के ठहराव के लिए दिल्ली में मंत्री, मंत्रालय और सम्बंधित रेल अधिकारियों से सम्पर्क साध रहे थे तो दूसरी तरफ संसद के विभिन्न सत्रों में भी लगातार इन मुद्दों को उठाया था। ताकि जनहित में ट्रेनों का संसदीय क्षेत्रों में भी ठहराव हो सके। उनकी मांगों पर रेल मंत्रालय ने लगातार रूप से बहु-प्रतीक्षित एवं महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव की अनुमति जारी कर रहा है। मंगलवार को भी उक्त ट्रेन ठहरावों के आदेश दिए हैं। इस पर सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री का आभार जताया है। वहीं भोपालगढ़ क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है और सांसद के प्रति अपना आभार प्रकट कर रहे हैं।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में अवैध पिस्टल लहराकर बस कन्डेक्टर को धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव । दिनांक 20 फरवरी 2024 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था जिसमे एक व्यक्ति पिस्टल की नोक पर उसे लहराते हुये बस कन्डेक्टर एवं सवारियो को डरा धमका रहा था, मामले की गंभीरता को देखते हुये आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी मेहगाँव निरीक्षक आशुतोष शर्मा को निर्देशित किया गया था जिसके पालन में आरोपी को दिनांक 20/02/24 को मेहगाँव पुलिस द्वारा गल्ला मंडी मेहगाँव से गिरफ्तार किया गया। एवं आरोपी के कब्जे से एक 32 बोर की पिस्टल मय 02 जिन्दा कारतूस के जब्त की गई है। आरोपी के विरूद्ध थाना मेहगाँव पर अपराध क्र. 39/23 धारा 25 (1) (बी) ए आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी पर पूर्व मे हत्या एवं चोरी के आधा दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है।

निरीक्षक आशुतोष शर्मा,एएसआई राजेन्द्र सिंह गुर्जर,प्रधान आरक्षक प्रदीप पचौरी, आरक्षक गौरीशंकर,पदम सिंह,मंगल,आरक्षक चालक 222 शिवकुमार शर्मा

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाय योजना अन्तर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन की तिथियां निर्धारित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाय योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन की तिथियों का निर्धारण कर दिया है। निर्धारित की गई तिथियों के अन्तर्गत 1, 2, 3, 4, एवं 6 मार्च 2024, 18, 19, 20, 21 एवं 22 अप्रैल 2024, 2, 3, 4, 9, 10, 11, 13 एवं 15 जुलाई 2024, 17, 18, 22, 23, 24, 26 एवं 28 नवम्बर 2024 एवं 2, 3, 4, 5, 9, 10, 11 एवं 14 दिसम्बर 2024 सामूहिक विवाह सम्मेलन की तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका/नगर परिषद एवं समस्त समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया है,कि अपने स्तर से योजना का प्रचार प्रसार कर उक्त तिथि में अधिक से अधिक संख्या में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कर गरीब, निराश्रित, विधवा, परित्यकत्ता कन्याओं को लाभान्वित कर प्रगति से जिला कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## एसपीएल सीजन 11 क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आगाज



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**पुणे** ।श्री आईजी स्पोर्ट्स क्लब पुणे के तत्वाधान में एसपीएल सीजन 11 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सहकार नगर स्थित शिन्दे हाई स्कूल मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में सीरवी समाज की कुल 10 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आगाज आईमाता तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन व राष्ट्र गान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुर्या इलेक्ट्रॉनिक के प्रमुख रमेश चौधरी, बिबवेवाडी वडेर के अध्यक्ष हिरालाल राठौड़, खिवराज परमार, मांगीलाल काग, जगाराम सिंदरा, कानाराम काग, जसपाल मुलेवा,भावेश सिंदरा, जीवाराम सेपटा एवं बिबवेवाड़ी वडेर की महिला मंडल अध्यक्ष संगीता दीदी सिंदरा, लिला बहन एवं बिबवेवाड़ी वडेर, हडंपसर वडेर, कोथरुड वडेर एवम 10 टीमों के मालिकों तथा समाज के गणमान्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का आगाज हुआ। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से पधारे समाज के पदाधिकारियों ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का अभिवादन किया। इस प्रतियोगिता का सेमी फाइनल और फाइनल मुकाबला दिनांक 25 फरवरी को होगा। ये जानकारी जीवाराम सेपटा द्वारा दी गई।

## झाँसी मंडल में 2047 का विकसित भारत व रेल विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । झाँसी मंडल के 10 स्टेशन एवं 88 आरओबी/आरयूबी के शिलन्यास/लोकार्पण/उद्घाटन समारोह के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्ग दर्शन और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में झांसी मण्डल के अंतर्गत आने वाले 77 विद्यालयों में 2047 का विकसित भारत व रेल विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चो हेतु पेंटिंग, निबंध एवं वाद- विवाद प्रतियोगिता का



आयोजन किया गया 7 जिसमें 6120 बच्चों ने भाग लिया एवं प्रत्येक विद्यालय से 09 बच्चों को विजेता के रूप में चुना गया। इस प्रकार कुल 693 बच्चों को विजेता के रूप में चुना गया है। सभी बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में ब?-च? कर भाग लिया 7 इन विजेता बच्चो को स्टेशन उरई, बांदा, चित्रकूटधाम कर्वी, दतिया, हरपालपुर,ललितपुर,महोबा,मुरैना एवं पुखरायां और अन्य स्थानों पर दिनांक 26/02/24 को आयोजित कार्यक्रम में पुरुस्कृत किया जायेगा 7

उल्लेखनीय है कि पूरे भारत देश में 554 अमृत स्टेशनों एवं 1500 आरओबी/आरयूबी का शिलन्यास/लोकार्पण/राष्ट्र को समर्पण किया जायेगा 7 इसके अंतर्गत पूरे देश में 4 लाख से अधिक बच्चों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया7 जिनमे से 46 हजार से अधिक बच्चो को विजेता के रूप में पुरस्कृत किया जायेगा

## भाटसन प्राथमिक विद्यालय में मातृभाषा दिवस मनाया गया

**ब्यूरो रीपोर्ट**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पाटन/गुजरात। जिला शिक्षा एवं तालिम भवन पाटन के प्राचार्य श्री डॉ. पिंकी बेन रावल की अध्यक्षता में सरस्वती तहसील की भाटसन प्राथमिक विद्यालय में विश्व मातृभाषा दिवस उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया गया। पाटन के साहित्यकार परेशभाई लिंबाचिया खास उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। भाटसन प्राथमिक विद्यालय के आचार्य श्री शैलेश भाई सुथार के मार्गदर्शन में भाषा



शिक्षकों ने एवं समग्र स्टाफ ने कार्यक्रम का सुंदर आयोजन किया। सीआरसी श्री दिलीप भाई देसाई भी खास मौजूद थे। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने गुजराती कवियों व लेखको एवं साहित्यकारों की एक पात्री अभिनय करके शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के साथ-साथ पुस्तक प्रदर्शन का आयोजन भी किया गया। सभी बच्चों को प्रोत्साहक इनाम भी दिए गए। समग्र कार्यक्रम का संचालन शिक्षक निलेश श्रीमाली ने किया।


**कार्यालय नगर पालिका गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)**

Add-Fort Road,Ward No.14,Gohad,District Bhind (M.P) Email:- cmo.gohad.mpurban@gmail.com

क्रमांक/ राजस्व-शाखा/न.पा./2024/467 गोहद, दिनांक 21/02/2024

**द्वितीय ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका गोहद द्वारा विभिन्न ठेकों की नीलामी वर्ष 2024-25 की 01 अप्रेल से 31 मार्च 2025 तक अवधि हेतु कार्यालय प्रांगण में नीचे लिखे अनुसार दिनांकों को टेण्डर प्रक्रिया के माध्यम से की जाना है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित अमानत राशि व टेण्डर फीस नियत दिनांक 28/02/2024 तक आवेदन के साथ निकाय द्वारा विज्ञप्ति में उल्लेखित माध्यम से जमा कराकर टेण्डर डाल सकते हैं। ठेकों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | वसूली कार्य मद नाम | ऑनलाईन टेंडर क्रमांक | शासकीय दरें | अमानत राशि | टेण्डर फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | गंदा पानी नीलामी | 2024_UAD_330729_1 | 12000 | 1200 | 2000 |
| 2 | हड्डी चमड़े का ठेका | 2024_UAD_330730_1 | 20000 | 1000 | 2000 |
| 3 | बकरा वध ठेका | 2024_UAD_330731_1 | 12000 | 1000 | 2000 |

**नोटः- (मुख्य शर्तें)**

1. निविदा प्रपत्र एवं दर ऑफर ऑनलाईन निविदा प्रकाशन से दिनांक 28/02/2024 को सांय 05:30 बजे तक ऑनलाईन सबमिट की जा सकती है।
2. निविदा हेतु लिफाफे जिसमे प्रथम लिफाफा (Envelope-A) निर्धारित अमानत राशि की ऑनलाईन ट्रांजेक्शन रिसीव /NEFT/Rtsg/System Gnerate Challan copy अथवा डिमांड ड्राफ्ट जो कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका गोहद के नाम से देय हो एवं आई.डी. प्रमाणित फोटो जी.एस.टी. नं. पेन नं. एवं 100 रूपये के स्टॉम्प पर निर्धारित प्रारूप में एफीडेविड आदि दस्तावेज नगरपालिका परिषद गोहद कार्यालय में अथवा कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास चम्बल संभाग ग्वालियर के कार्यालय में स्वयं अथवा रजिस्ट्रर्ड डॉक के माध्यम से अंतिम तिथि 28/02/2024 को सांय 05:30 बजे तक जमा करावें
3. (Envelope-A) मेंडेटरी दस्तावेज एवं अन्य नियत दस्तावेज ऑनलाईन ऑपन दिनांक 29/02/2024 को सांय 05:35 बजे से
4. नगरपालिका परिषद गोहद का कोई भी बकायादार टॅण्डर डालने का हकदार नहीं होगा।
5. उच्चतम बोली स्वीकृत होने के तत्काल बाद ठेकेदार को 1/4 राशि नगर जमा करना आवश्यक होगा।
6. साथ ही शेष 3/4 राशि ठेका का कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व जमा कराना अनिवार्य होगा।
7. नियमानुसार ठेकेदार को शासन के करों का भुगतान करना आवश्यक होगा।
8. शेष शर्ते कार्यालयीन समय में राजस्व शाखा से देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् गोहद
जिला भिण्ड (म.प्र.)


**आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का जिला सम्मेलन संपन्न**

## साधना भदोरिया जिला अध्यक्ष सीमा जाटव को जिला सचिव चुना गया



**महेन्द्र शर्मा उप सम्पादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

भिंड - दिनांक 17- 2 -24 दिन शनिवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहाय का ओं का जिला सम्मेलन भिंड मेला के पार्क चौक में किया गया जिसमें जिले भर के मुख्य कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया नई कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष के रूप में साधना भदोरिया जिला महासचिव सीमा जाटव उपाध्यक्ष उषा त्यागी कुसुम राम कुमारी मिश्रा, पुष्पा, सचिव-आरती भदोरिया ममता राजावत सुनीता गुड्डी बाथम ,कोषाध्यक्ष- रेखा श्रीवास्तव एवं सदस्य अलका शर्मा, राखी गुप्ता, उषा यादव ,स्वर्णालता, हीरा ,निशा भदोरिया, उमा ,विनीता ,किरण, श्वेता ,अनीता कौशल एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन का प्रभारी सीटू जिला सचिव अनिल दोनोरिया को बनाया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायका संगठन की राज्य उपाध्यक्ष कमलेश शर्मा ने समापन भाषण देते हुए कहा कि केंद्र की सरकार 2014 से लगातार आंगनवाड़ी के बजट में कटौती करती चली जा रही है जिसमें कार्यकर्ताओं को मिलने वाली सुविधाओं में कमी आती जा रही है जिससे कार्यकर्ताओं को मिलने वाली स्टेशनरी का न मिलना आंगनबाड़ी केदो का भवन भाड़ा समय पर नहीं मिलना यहां तक की कार्यकर्ताओं को समय पर मंडे मानदेय भी नहीं मिल पाता है संगठन के सवाल पर उन्होंने कहा कि देश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन एकमात्र यूनियन है जिसमें कमेटी का चुनाव कार्यकर्ताओं की सहमति से किया जाता है उनके निर्णय निर्णय को अगली कमेटी मान्य करती है उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष आंदोलन के दौरान भिंड में 13 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सस्पेंड किया गया था लेकिन कानूनी प्रक्रिया एवं संगठन के कारण ही सभी कार्यकर्ताओं को पुनः बहाली करवाने का काम संगठन के द्वारा करवाया गया जिससे यह पता चलता है कि हमारा संगठन कार्यकर्ता के लिए हमेशा तत्पर रहता है नई कमेटी को सीटू के जिला कार्यकारिणी की तरफ से डॉक्टर नदीम खान ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं संगठित होकर कार्य करने एवं संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करने की सलाह दी

# फल विक्रेता ने पार्षद के सीने में घोंपा चाकू, गंभीर हालत में रीवा संजय गांधी अस्पताल रेफर



**विवेक तिवारी**
**सतना(पुष्पांजली टुडे)**

। सतना के सिविल लाइन इलाके में फल विक्रेता के बीच विवाद हो गया। इस विवाद में एक दुकानदार ने पार्षद महेंद्र पांडेय पर चाकू से हमला कर दिया जिससे वो घायल हो गए। पार्षद को रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया है जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार दो फल विक्रेताओं के बीच विवाद हो रहा था जहां पार्षद महेंद्र पांडेय बीच बचाव में पहुंचे थे। इस दौरान पार्षद को चाकू लग गया जिसके चलते गंभीर रुप से घायल हो गए हैं।घटना के बाद नगर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। पार्षद पर हमला करने वाले मुख्य आरोपी रामपाल गुप्ता और कमलेश गुप्ता के खिलाफ सिटी कोतवाली में 307 का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित रोहित गुप्ता और रामपाल गुप्ता में एक हमलावर को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर लिया है। हमलावर ससुर दामाद हैं। महापौर योगेश ताम्रकार भी तत्काल अस्पताल पहुंचे हैं।जानकारी के अनुसार बाला जी फरूट के नाम पर टाटा मैजिक में चार दिन पहले आरोपी रामपाल गुप्ता ने काम शुरू किया था

# डेंटल एसोसियशन आज लगायेगा नि :शुल्क मुख कैंसर जांच शिविर

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।**

रीवा में इंदौर कैंसर काउंडेशन तथा प्रशासन द्वारा 24 एवं 25 फरवरी को निःशुल्क कैंसर रोग जांच एवं उपचार शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर मे पहले से चिन्हित किये गये मुख कैंसर तथा स्तन कैंसर के रोगियों की जांच एवं उपचार विशेषज्ञों डॉक्टरों द्वारा किये जायेंगे। शिविर को सफल बनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के अहवान पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं तथा संघों द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। इस क्रम में इंडियन डेंटल एसोसियशन की रीवा शाखा द्वारा 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सिरमौर चौराहे में हनुमान जी मंदिर के समीप शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में डेंटल एसोसियशन के डॉक्टरों द्वारा मुख कैंसर की निःशुल्क जांच की जायेगी जांच में यदि किसी व्यक्ति में मुख कैंसर के लक्षण पाये जाने हैं तो उन्हें 24 एवं 25 फरवरी को आयोजित हो रहे संभागीय निःशुल्क कैंसर उपचार शिविर में उपचार की सुविधा दी जायेगी।

### संभागीय नजूल निर्वर्तन समिति ने दो प्रस्तावों को दी मंजूरी

# कमिश्नर ने भूमि आवंटन के प्रस्ताव में प्रावधानों का उल्लेख करने के दिए



**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

कमिश्नर कार्यालय में संभागीय नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रीवा जिले के दो तथा सीधी जिले के एक प्रस्ताव पर विचार किया गया। समिति ने रीवा जिले के एक तथा सीधी जिले के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी। सीधी जिले का प्रस्ताव समिति की अनुसंशा के बाद स्वीकृति के लिए मंत्रिपरिषद को प्रेषित किया जाएगा। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि नजूल भूमि के आवंटन के संबंध में जिला स्तरीय समिति प्रस्ताव तैयार करते समय प्रावधानों का उल्लेख करें। संबंधित विभागों के अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा जमीन के स्वरूप एवं मूल्य का विवरण अनिवार्य रूप से दें। प्रत्येक आवंटन के लिए अलग-अलग प्रस्ताव प्रस्तुत करें। आईटी पार्क के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव में लोक निर्माण विभाग तथा विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। यदि किसी विभाग को पूर्व में भूमि आवंटित की गई है और विभाग द्वारा उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है तो उस विभाग से जमीन को वापस लेने का प्रस्ताव भेजें। इसके बाद यदि किसी विभाग को आवश्यकता हो तो उसे जमीन आवंटित करें। बैठक में कलेक्टर सीधी साकेत मालवीय, अपर कमिश्नर छोटे सिंह, उपायुक्त डीएस सिंह, जिला पंजीयक श्रीमती संध्या सिंह एसडीएम हुजूर वैशाली जैन उपस्थित रहीं।

# जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने ब्लॉक अध्यक्षों, शहर ब्लाक संगठन मंत्रियों, शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्षों की कांग्रेस कार्यालय में ली बैठक पदाधिकारियों को किया संबोधित

**विवेक तिवारी**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

हार को भी जीत के रूप में वरन् कर यदि हम अपने लक्ष्य की ओर आगे ब? तो सफलता मिलना निश्चित हैं। आवश्यकता इस बात की है कि कांग्रेस जन हांथ पर हांथ धरे न बैठ कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए दोगुनी ताकत से जुट जाएं। यदि कांग्रेसजन जीत के लक्ष्य को लेकर आगे ब? तो लोकसभा चुनाव आसानी से जीता जा सकता हैं। यह उद्गार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने ब्लॉक अध्यक्षों, शहर ब्लाक संगठन मंत्रियों, शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्षों की कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। श्री शर्मा ने कहा कि हम सबको हताश होने की आवश्यकता नही हैं, हमें अतिशीघ्र अपने-अपने मण्डलम, सेक्टर, एवं



बूथ स्तर पर बैठकों का आयोजन कर भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों का पर्दाफाश कर तथा आम मतदाता को यह बताने का प्रयास करना चाहिए कि केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार अपने वादों को पूर्ण करने में विफल रही हैं। ब?ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था चैपट है, लाडली बहना योजना में 3000 रूपये का वादा करने के बावजूद उनके साथ वादा खिलाफी, धान एवं गेहूं का समर्थन मूल्य क्रमशः वादा का अनुसार न ब?ाये जाने आदि का काम, आमजन को झूठा प्रलोभन देकर मंहगाई को चैगुना ब?ाकर मध्यम वर्गीय परिवार की कमर तो? रही हैं।



हम सबको जनमानस की बीच में जाकर यह बताना होगा कि यह जितनी भी योजनाएं भाजपा के द्वारा लागू की जा रही हैं, वह सब पूर्व से ही कांग्रेस की यू.पी.ए. सरकार की देन हैं, मात्र उनका नाम बदला गया है। हम अपनी योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुचाने में विफल रहे है, इसी कारण हमको पराजय का मुँह देखना प? रहा हैं। इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने जोर देते हुए कहा कि यदि हम बूथ स्तर से लेकर सभी सेक्टर, मण्डलम, एवं ब्लाक के पदाधिकारी एक साथ जुट जाये तो कोई ताकत हमें लोकसभा चुनाव जीतने से नही रोक सकती। बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि सभी लोग सक्रिय एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करें, तथा उन्हें जिम्मेदारी दें जो मोर्चा एवं अनुसांगिक संगठन है उन्हें हम क्रमशः आमंत्रित कर उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने जा रहे हैं। बैठक में जिला संगठन मंत्री एड. रवि तिवारी, शहर संगठन मंत्री सज्जन पटेल, सत्यनारायण तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष वसीम राजा, अनिल मिश्रा, मानवेन्द्र सिंह नीरज, कार्यालय मंत्री सुरेश वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी काकू, धनेन्द्र द्विवेदी, अनिल सिंह पिन्टू, महेन्द्र उपाध्याय, नरेन्द्र सिंह तिवारी, पद्मदीप शुक्ला, जितेन्द्र सिंह मझियार, आनंद सिंह, नरेन्द्र अग्निहोत्री, नरेन्द्र बहादुर सिंह, बलराम गौतम, गुरू प्रसाद तिवारी, प्रकाश नारायण चतुर्वेदी, शीलध्वज सिंह, वीरेन्द्र द्विवदी बाबा, सुनील तिवारी मौजूद रहें।

### गोविन्दगढ थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल के द्वारा ऑनलाइन सटोरियो पर की गई बड़ी कार्यवाही

# खातों में जमा 50 लाख की रकम 5- 20 लाख की कार एवं मोबाइल जप्त कर एक आरोपी गिरफ्तार दो आरोपी फरार



**शिवम तिवारी**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**



पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा श्री अनिल सोनकर के निर्देशन मे उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) रीवा श्रीमति हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में उप निरी.शिवा अग्रवाल के नेतृत्व मे थाना स्टाफ की मदद से मुखबिर की सूचना पर ऑनलाइन ङ्घश्च के माध्यम से सट्टा खिला रहे आरोपी को किया गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से लगभग 50 लाख की रक़म बैंक खातों में स्नह्लद्ग5 एवं कार ,मोबाइल सहित 20 लाख की सामग्री ।जप्त मामले का विवरण इस प्रकार से है कि दिनाँक 20/2/24 को विश्वसनीय मुखबिर ने सूचना दी की अवनीश द्विवेदी एवं उसके दो साथी,गोविन्दगढ तलाब के पास आम के पेड़ के नीचे ऑनलाइन ङ्घश्च द्यद्ग माध्यम से सट्टा खिला रहे है कि सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये दबिश दी गई तो घटनास्थल पर ऑनलाइन श्वश्च के माध्यम सट्टा खिला रहे आरोपी अवनीश द्विवेदी पिता नरेंद्र द्विवेदी नि.बांसा को पकडा गया जिसके मोबाइल में सट्टे का लंबा कारोबार मिला ,बैंक खातों की जानकारी लेने पर कब्जे से लगभग 50 लाख की रक़म बैंक खातों में ढ्ढह्लद्ग5 की की गई एवं 20 लाख रुपए कार व मोबाइल जप्त किया कर एवं मौके से दो आरोपी फरार हो गए आरोपी उपरोक्त के विरुध्द अपराध 28/24 धारा 4(क) सट्टा एक्ट ,34 ताहि का कायम किया गया है।नाम आरोपी- अवनीश द्विवेदी पिता नरेंद्र द्विवेदी उम्र 25 वर्ष निवासी बांसा देवीन टोला थाना गोविंदगढ़ एवं अन्य दो आरोपी फरार मशरूका - 50 लाख रुपए के ढ्ढह्लद्ग5 अकाउंट एवं 20 लाख रुपए की सामग्री कार मोबाइल जप्त की गईकार्यवाही करने वाली टीमः- उप निरी.शिवा अग्रवाल, उप.निरी. दलजीत सिंह आर.राहुल पाण्डेय, आर.उपेन्द्र सिंह, आर. दिवाकर तिवारी ,आर. कौशलेंद्र सिंह परिहार ,सै. सुधाकर मिश्रा।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने प्रचार रथ को दिखाई हरी झण्डी



**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन की अध्यक्षता एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अहमद रजा के नेतृत्व में 24 फरवरी को आयोजित होने वाली समाधान आपके द्वार शिविर लोक अदालत के अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुबोध कुमार जैन ने हरी झडी दिखाकर प्रचार रथ को रवाना किया। इस अवसर पर ट्रेनिंग जज प्रिया सिंह चौहान, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा, लीगल डिफेस कौसिल के चीफ श्री सुरेन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ श्री आनंद कुमार पाण्डेय, श्री मजूर अहमद, लीगल असिस्टेट श्री अनीष पाण्डेय उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने डभौरा अंचल में औद्योगिक क्षेत्र के लिये चयनित भूमि का किया निरीक्षण

### प्राथमिक औपचारिकताओं की पूर्ति कर भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया सुनिश्चित करें - कलेक्टर





**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

औद्योगिक केन्द्र विकास निगम द्वारा डभौरा अंचल में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाने के उद्देश्य से विभिन्न ग्रामों में रिक्त जमीनों का चिन्हांकन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने डभौरा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान चिन्हांकित भूमियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने घूमन कला, डभौरा, मडरौड तथा कोटा में रिक्त भूमि के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया सुनिश्चित करायें ताकि यहां अधोसंरचना की प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति कराई जा सके। उन्होंने कहा कि रिक्त भू-भाग में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से औद्योगिक इकाइयाँ खुलेंगी और निवेश आयेगा जिससे क्षेत्र का विकास होगा तथा रोजगार की भी उपलब्धता होगी। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्रयागराज से सीधे जुड़ेगा तथा रेलवे की भी कनेक्टिटी है जिससे उद्योग स्थापना में मदद मिलेगी। उन्होंने राजस्व विभाग एवं औद्योगिक केन्द्र विकास निगम को समन्वय बनाकर सभी औपचारिकताओं की पूर्ति करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सिरमौर जनपद अन्तर्गत ग्राम रूझौही में रिक्त भू-भाग में ग्रीन एनर्जी उद्योग अथवा सोलर पार्क अथवा उद्योग स्थापना की बात कही। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, सहायक कलेक्टर सोनाली देव, एसडीएम रामनिवास सिकरवार, क्षेत्रीय प्रबंधक एमपीआईडीसी यूके तिवारी, केके गर्ग उपस्थित रहे।

### चित्रांगन अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म एवं नाटक्रमहोत्सव का हुआ शुभारंभ

# रीवा व विन्ध्य के युवाओं को समारोह से मार्गदर्शन मिलेगा - कलेक्टर





**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

रंग उत्सव नाटक्ऋसमिति द्वारा तीन दिवसीय चित्रांगन अर्न्तराष्टीय फिल्म एवं नाटक्ऋ महोत्सव का कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कलेक्टर ने कहा कि कला के विभिन्न आयाम हमारी आत्मा से सीधे जुड़े होते हैं। रीवा व विन्ध्य के युवाओं के लिये यह समारोह मार्गदर्शन का कार्य करेगा। यह समारोह युवाओं को उनकी रूचि के अनुरूप कला के क्षेत्र की विभिन्न विधाओं को आगे बड़ाने का मार्गदर्शन करेगा। राष्टीय व अर्न्तराष्टीय फिल्मों के अतिरिक्त बाल फिल्मों के साथ-साथ देश के ख्याति प्राप्त कला जगत की हस्तियों से रूबरू होकर युवाओं को सीखने का भी अवसर मिलेगा। उन्होंने आयोजन समिति को कार्यक्रम के आयोजन के लिये साधुवाद दिया जिससे रीवा के कला प्रेमियों को तीन दिनों तक कला संरक्षकों, साहित्यकारों व नाट्क आदि विधाओं के प्रदर्शन को देखने व सुनने का सुअवसर प्राप्त होगा। शुभारंभ अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, अभिनेता कुमुद मिश्रा, श्री गिरिजा शंकर, रविन्द्र त्रिपाठी, योगेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कलाकार उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग में 3 हज़ार 323 पदों में होगी नियुक्ति

# मेडिकल और दस्तावेड़ो के परीक्षण के लिए ज़िला चिकित्सालयों में लगेंगे विशेष कैम्प

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

. उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि कि स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के परीक्षण एवं मेडिकल जांच में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी संबंधित अधिकारी संवेदनशीलता से कर्तव्यों का निर्वहन करें।

उल्लेखनीय है कि कर्मचारी चयन मंडल द्वारा गत 12 फरवरी को घोषित परिणाम के अनुक्रम में स्वास्थ्य विभाग में 3 हड़ार 323 पदों पर नियुक्ति की जा रही है। इनमें ए.एन.एम. के 2 हड़ार 576, रेडियोग्राफर तृतीय श्रेणी के 104, प्रयोगशाला तकनीशियन के 228, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के 415 पद शामिल हैं। आगामी 29 फरवरी को भोपाल में आयोजित समारोह में पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी



किये जायेंगे। इस हेतु चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण तथा मेडिकल कराया जाना आवश्यक होगा।आयुक्त स्वास्थ्य डॉ सुदाम खाड़े न बताया कि चयनित अभ्यर्थियों के मेडिकल तथा दस्तावेजों का परीक्षण के लिए जिला अस्पतालों में प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक विशेष शिविर लगाये जायेंगे। ए.एन.एम. उम्मीदवारों का जिला चिकित्सालयों में 22 से 26 फरवरी, फार्मासिस्ट ग्रेड-2 का जिला चिकित्सालयों में 23 से 25 फरवरी, रेडियोग्राफर उम्मीदवारों का संभागीय मुख्यालय के जिला चिकित्सालय में 24 फरवरी को और प्रयोगशाला तकनीशियन का संभागीय मुख्यालय के जिला चिकित्सालय में 25 फरवरी को मेडिकल जाँच और दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। जिला चिकित्सालयों में मेडिकल जांच की जिम्मेदारी समस्त सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक की होगी। क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दस्तावेजों की जांच के लिए समुचित अमले की व्यवस्था करेंगे।

# हस्तशिल्पियों को वितरित किया गया शिल्प कार्ड।



**जमालपुर/मीरजापुर।** विकासखंड जमालपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भुइली खास में क्षेत्र के सैकड़ों शिल्पकारों को शिल्प कार्ड वितरित किया गया। केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही शिल्पकारों के लिए लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसीएफ के अध्यक्ष विजय वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में चुनार मंडल के अध्यक्ष चंद्रहास गुप्ता, कार्यक्रम की अध्यक्षता बैजनाथ प्रजापति, तथा संचालन दुलारे प्रजापति ने किया। इस अवसर पर बच्चा, ब्रह्मानंद प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, प्रमोद कुमार प्रजापति, रामबाबू प्रजापति, राम जी प्रजापति, लल्लन प्रजापति साहित्य सैकड़ो लाभार्थी मौजूद रहे।

# सोनिया गांधी ने संसद पहुँचने के लिए इस बार लोकसभा की बजाय राज्यसभा की राह क्यों पकड़ी



सोनिया गांधी ने राजस्थान से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इसी के साथ ही उत्तर प्रदेश के रायबरेली संसदीय क्षेत्र से निवर्तमान सांसद सोनिया गांधी ने लोकसभा में अपनी राजनीतिक पारी को विराम देते हुए राज्यसभा की राह पकड़ ली है ताकि वह संसद की सदस्य बनी रह सकें। वैसे पहले ही माना जा रहा था कि चूंकि सोनिया गांधी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है इसलिए वह लोकसभा चुनाव लड़ने की बजाय राज्यसभा के जरिये संसद पहुँचें। लेकिन यदि वाकई अस्वस्थता के चलते ही सोनिया लोकसभा की बजाय राज्यसभा जा रही हैं तो यह सोच बिल्कुल भी ठीक नहीं है। यह सही है कि वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और मार्गदर्शन की सभी पार्टियों को आवश्यकता होती है लेकिन यह तो जरूरी नहीं है कि वह वरिष्ठ व्यक्ति संसद के किसी सदन का हिस्सा होगा तभी उसके अनुभव का लाभ उठाया जा सकेगा।राज्यसभा की एक सीट अस्वस्थ व्यक्ति को देने की बजाय किसी ऐसे ऊर्जावान व्यक्ति को देनी चाहिए जो देश और समाज के लिए अधिक परिश्रम के साथ काम कर सके। यहां हमारा यह कहने का बिल्कुल भी आशय नहीं है कि बुजुर्ग और अस्वस्थ व्यक्ति को किनारे कर देना चाहिए। दरअसल जिस तेजी के साथ दुनिया आगे बढ़ रही है उसी तेजी से हमें भी कदम ताल बनाये रखने या दुनिया से आगे निकलने के लिए और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। इसे उदाहरण के साथ समझें तो देखें कि अब तक राजस्थान से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह राज्यसभा सदस्य थे। यह सही है कि डॉ. मनमोहन सिंह ने देश के लिए कई मायनों में अहम योगदान दिया है लेकिन सवाल उठता है कि क्या वह अपने इस कार्यकाल में राज्यसभा में कोई सार्थक काम कर पाये या राजस्थान के हितों को रख पाये? जवाब होगा नहीं। तो सवाल उठता है कि क्यों अपने वरिष्ठ नेताओं को पदों पर बैठाये रखने के लिए राजनीतिक दल संसदीय सीटों को आरक्षित रख लेते हैं? क्या पार्टी में और योग्य नेताओं का अकाल पड़ गया है? 140 करोड़ देशवासियों में से क्या कोई भी योग्य व्यक्ति राजनीतिक दलों को नहीं मिलता है?

बात चूंकि कांग्रेस की हो रही है तो यह भी जानना जरूरी है कि सोनिया गांधी ने एक रिकॉर्ड बनाया है। वह रिकॉर्ड यह है कि वह कांग्रेस के गठन के बाद से उसकी एकमात्र ऐसी अध्यक्ष रही हैं जिन्होंने सबसे लंबे समय तक पार्टी का नेतृत्व किया। वैसे उनका यह नेतृत्व परिवारवाद के विस्तार का रहा। सोनिया गांधी के अध्यक्ष रहते ही उनके बेटे राहुल गांधी पार्टी में आगे बढ़े और बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा की भी पार्टी के मामलों में सक्रिय भूमिका बढ़ी। इसके अलावा, कांग्रेस अध्यक्ष पद से दूर होने के बावजूद गांधी परिवार पार्टी के मामलों में प्रभावी भूमिका में बना हुआ है। देखा जाये तो इसमें कोई दो राय नहीं कि 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का आधार रख कर सोनिया गांधी ने केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और दस साल तक उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में बनी रही। सोनिया गांधी प्रधानमंत्री तो नहीं बन पाई लेकिन मनमोहन सरकार के दौरान सोनिया के नेतृत्व वाली समिति ही सुपर प्रधानमंत्री समझी जाती थी। देखा जाये तो इतना सब हासिल करने के बाद जरूरी नहीं था कि सोनिया गांधी संसद की सदस्य बनी रहें लेकिन पद का मोह छोड़ पाना आसान नहीं है।

वैसे कांग्रेस की ओर से भले यह कहा जा रहा हो कि सोनिया गांधी स्वास्थ्य कारणों से राज्यसभा गई हैं मगर यह भी एक राजनीतिक हकीकत है कि सोनिया गांधी का इस बार रायबरेली से लोकसभा चुनाव जीत पाना आसान नहीं होता। पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी से उनके बेटे राहुल गांधी हार गये थे और खुद सोनिया गांधी का जीत का अंतर पहले से बहुत कम हो गया था। पांच साल में वह रायबरेली बमुश्किल ही गई होंगी। अब तो उनकी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा भी रायबरेली का हाल-चाल लेने नहीं जातीं। कोविड के समय में भी सोनिया ने अपने संसदीय क्षेत्र से मुंह फेरे रखा। उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनावों और पंचायत चुनावों में जिस तरह अमेठी और रायबरेली समेत पूरे प्रदेश से कांग्रेस का लगभग सूपड़ा ही साफ हो गया उससे सोनिया गांधी के लिए अपने राजनीतिक जीवन के इस दौर में हार का मुंह देखना आसान नहीं होता। इसलिए भी सोनिया गांधी ने इस बार उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ने का साहस नहीं दिखाया।

हम आपको बता दें कि सोनिया गांधी 1999 से लगातार लोकसभा सदस्य हैं और वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वह अमेठी से भी लोकसभा सदस्य रह चुकी हैं। वह कर्नाटक के बेल्लारी से भी चुनाव जीत चुकी हैं। उस सीट पर उन्होंने भाजपा नेत्री सुषमा स्वराज को हराया था। हालांकि बाद में उन्होंने उस सीट को छोड़ दिया था। बहरहाल, यह पहली बार होगा कि वह संसद के उच्च सदन में जाएंगी। वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद राज्यसभा में प्रवेश करने वाली गांधी परिवार की दूसरी सदस्य होंगी। इंदिरा गांधी अगस्त, 1964 से फरवरी 1967 तक उच्च सदन की सदस्य थीं।

# रोटी खाएं या चावल, जानिए क्या है आपकी सेहत के लिए ज्यादा बेहतर



आजकल के लाइफस्टाइल में लोग सेहत को लेकर पहले के मुकाबले ज्यादा सजग हुए हैं। ऐसे में अक्सर कुछ फूड्स को लेकर बहस छिड़ी रहती है। इन्हीं में से एक मुद्दा है, कि रोटी खाई जाए या चावल, सेहत के लिए क्या ज्यादा बेहतर है। अगर आप भी इस सवाल का जवाब जानना चाहते हैं, तो इस आर्टिकल में बने रह सकते हैं। यहां हम आपको दोनों चीजों के बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं, जिसके बाद आपका सारा कन्फ्यूजन दूर हो जाएगा। आइए जानें।

**सेहत के लिए क्या है बेस्ट?**

क्या आपको मालूम है, कि रोटी हो या चावल दोनों में ही कैलोरी की मात्रा एक समान होती है। वहीं, अगर बात डायबिटीज या वजन कंट्रोल करने की आती है, तो आप रोजाना कितनी कैलोरी कन्ज्यूम कर रहे हैं, इस ओर ध्यान देना भी जरूरी हो जाता है। ऐसे में आपको इस बारे में जान लेना चाहिए। इसके अलवा एक मिथ भी काफी फेमस है, कि कार्ब्स खाने से वजन बढ़ने लगता है। आपको बता दें, कि ऐसा नहीं होता है। ये बात अभी तक कहीं भी साबित नहीं हो पाई है, कि कार्ब्स आपके मोटापे का कारण बन सकता है।

वहीं, अगर बात शरीर में एनर्जी के लेवल को बूस्ट करने की आती है, तो कुछ स्टडीज ऐसा मानती हैं कि कार्ब्स इसमें मददगार होता है। ये बॉडी के फैट को पचाने का भी काम करता है। ऐसे में आपकी डेली डाइट में कॉम्पलैक्स कार्ब्स की मात्रा कम से कम 50 फीसदी तो होनी ही चाहिए। आपको जो खाना पसंद हो उसे अपनी डायट का हिस्सा बना सकते हैं।

**चावल खाने से जल्दी भरता है पेट?**

चावल में स्टार्च अच्छी मात्रा में होता है। हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को इसे पचाने में ज्यादा मेहनत तो नहीं करनी पड़ती है, लेकिन हां, इन्हें खाने से पेट भी जल्दी भर जाता है क्योंकि इसमें रोटी की तुलना में कार्ब्स ज्यादा होते हैं। वहीं, चूंकि रोटी खाने से आप लंबे टाइम तक फुल रहते हैं, जिसके पीछे वजह है कि इसमें चावल के मुकाबले फास्फोरस और पोटेशियम जैसे मिनरल्स अधिक होते हैं।

**एक दिन में कितनी रोटी या चावल खाना सही?**

वैसे तो इसका कोई फिक्स नंबर कहना मुश्किल है। चूंकि दोनों की ही न्यूट्रिशन वैल्यू में ज्यादा फर्क नहीं होता है, ऐसे में आप इसे लंच और डिनर में अपने शेड्यूल के हिसाब से बांट सकते हैं। इसकी सही मात्रा जानने के लिए आपको अपनी दिनचर्या पर भी गौर करना जरूरी होता है, यानी आप पूरे दिन में कितनी फिजिकल एक्टिविटीज करते हैं।

हालांकि अगर आप वेट लॉस चाहते हैं, तो ध्यान रहे कि एक दिन में 200 ग्राम से ज्यादा कार्ब्स लेना सही नहीं है। इसके अलावा अगर आप डायबिटीज के पेशेंट हैं तो, रोटी आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है क्योंकि इसे खाने से आपका ब्लड ग्लूकोस लेवल एकदम से नहीं बढ़ता है, इसके पीछे वजह है इसमें पाए जाने वाले कंपलेक्स कार्बोहाइड्रेट्स।

## संपादकीय

# तीन साल में दूसरा किसान आंदोलन

केंद सरकार की वादाखिलाफी और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ न्याय की आवाज उठाए हजारों किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ने लगे हैं। किसान मजदूर मोर्चा (केकेएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैरराजनैतिक) ने पहले ही 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया था, जिसके लिए किसानों ने तैयारी शुरु कर दी थी। इधर केंद्र सरकार ने भी किसानों को रोकने के लिए सीमाओं को सील करने से लेकर सड़कों पर कांटेदार जाल बिछाने और कीलें लगाने जैसी सारी तैयारियां कर ली थीं। पंजाब-हरियाणा के गांवों में लाउडस्पीकर से ऐलान करके किसानों को मार्च में शामिल न होने की परोक्ष धमकियां दी गईं। पुलिस की मॉक ड्रिल करवाई गई कि किस तरह किसानों को रोका जाए।

पंजाब और हरियाणा से दिल्ली आने वाले रास्तों पर सीमेंट और भारी पत्थरों से बैरिकेडिंग कर किसानों को आगे बढ़ने से रोका गया, और किसान फिर भी नहीं रुके, तो उन पर शंभू बार्डर पर आंसू गैस के गोले दागे गए। केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार से बवाना स्टेडियम को अस्थायी जेल में बदलने तक का प्रस्ताव भेजा था, ताकि किसानों को आगे बढ़ने से पुलिस न रोक पाए, तो उन्हें जेल में तब्दील स्टेडियम में कैद कर लिया जाए। हालांकि दिल्ली सरकार ने इस प्रस्ताव को मानने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि किसानों की मांगें जायज हैं। दिल्ली सरकार के गृहमंत्री कैलाश गहलोत ने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इसलिए, किसानों को गिरफ्तार करना गलत है।

दिल्ली सरकार के गृहमंत्री जो कह रहे हैं, केंद सरकार के गृहमंत्री शायद उससे इत्तेफाक नहीं रखते। किसान राजनीति के पुरोधा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने वाली सरकार किसानों का ही नहीं, लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान भी नहीं कर पा रही है। सबसे बड़ी बात यह कि केंद्र सरकार अपनी पिछली गलती से न कोई सबक ले रही है, न ही उस गलती के लिए पछतावे का कोई भाव दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि 2020 के अंत में किसान आंदोलन शुरु हुआ था। केंद्र सरकार ने किसानों से चर्चा किए बगैर, सारे पहलुओं को जांचे बिना ही तीन कृषि कानून लागू कर दिए थे। इन कानूनों से किसानों से उनकी जमीन और उपज दोनों ही कार्पोरेट के पास चले जाने का रास्ता साफ हो गया था। इससे किसानों का तो नुकसान था ही, देश को भी दीर्घकालिक नुकसान होता।देश के बेहतर भविष्य की खातिर तब किसानों ने काले कानूनों को वापस लेने के लिए खेतों को छोड़ सड़कों पर उतरने का फैसला लिया था। केंद्र सरकार ने तब कई दौर की बातचीत किसानों से की, लेकिन वह दिखावा ही साबित हुई क्योंकि किसानों की मांगों और उनकी समस्याओं को सरकार ने समझने की कोशिश नहीं की। 2020 से शुरु हुआ आंदोलन 2021 तक चलता रहा। इस दौरान किसानों को कभी आतंकवादी और खालिस्तानी कहा गया, कभी उनके रास्ते में कांटे गाड़े गए, कभी उनके शिविरों में लगे एसी और आंदोलन स्थल पर मिल रहे भोजन को लेकर तंज कसे गए कि किसान ऐश कर रहे हैं। उस आंदोलन में कम से कम 7 सौ किसानों की मौत हो गई।लेकिन सरकार तब भी विचलित नहीं हुई। सबसे दुखद पहलू यह था कि किसानों के इस आंदोलन पर जनता भी गुमराह नजर आई। आंदोलन के कारण ट्रैफिक में दिक्कतें आ रही हैं, यह तो लोगों को दिखाई दिया, लेकिन यह बात समझ नहीं आई कि कुछ दिनों की दिक्कत सालों साल की बदहाली से बेहतर है। अगर कृषि कानून लागू हो जाते तो देश में हुई हरित क्रांति का कोई अर्थ नहीं रह जाता, क्योंकि खेतों से लेकर गोदामों तक कुछ उद्योगपतियों का कब्जा होता।

किसानों ने तब देश को एक बड़ी बर्बादी की ओर धकेलने से बचा लिया था, और अब फिर से उन्हें उन्हीं कारणों और मांगों के साथ आंदोलन पर मजबूर होना पड़ा है। पिछली बार प्रधानमंत्री मोदी ने साल भर चले किसान आंदोलन के आगे झुकते हुए तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया था और कहा था कि शायद उनकी तपस्या में कोई कमी रह गई, तभी वे इन कानूनों का लाभ किसानों को समझा नहीं पाए। मौजूदा हाल देखते हुए लगता है कि प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या में हुई कमी को दूर करने का कोई प्रयास ही नहीं किया।

# मन ना लागो मेरा यार इंडिया गठबन्धन में...!



जब बिहार विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के दौरान तेजस्वी यादव बतलाते हैं कि नीतीश कुमार कहते थे कि %उनका इंडिया गठबन्धन में मन नहीं लगता।% अगर किसी का विरोधी खेमे में मन नहीं लग रहा तो उसमें बुरा लगा लेने वाली कोई बात नहीं है। हालांकि नीतीश बाबू के संदर्भ में यह बात थोड़ी आश्चर्यकारी हो सकती है कि उनके घर में कभी जांच अधिकारी पहुंचते क्योंकि उन पर ऐसा कोई आरोप कभी नहीं रहा।

मन लागो मेरा यार फकीरी में।  
आखिर यह तन खाक मिलेगा,  
क्यूं फिरता मगरूरी में।।

कबीर दास जी ने जब यह भजन लिखा होगा तब उनके सामने बहुत विकल्प नहीं होंगे, तभी उन्हें आगे की निम्नलिखित पंक्तियां भी सूझी होंगी-

जो सुख पावो राम भजन में, वो सुख नाही अमीरी में।  
भला बुरा सब का सुन लीजै, कर गुजरान गरीबी में।।

कबीर का जीवन तीन मुस्लिम शासकों के कालखंडों से होकर गुजरा था। जब उनकी आंखें खुली थीं, तो तुगलक राज लगभग मिट चुका था और भारत पर तैमूर लंग का आक्रमण होने ही वाला था। कबीर ने बड़े होते हुए पूरा सैयद काल देखा। उन्होंने जब मगहर में 1518 में अपनी आंखें मूंदी थीं तब तक लोदी वंश का राज 67वें वर्ष में पहुंच चुका था। 12वीं सदी से मोहम्मद गौरी के जरिये भारत में प्रारम्भ होकर परवर्ती मुस्लिमों के सम्पूर्ण शासनकाल में अपेक्षाकृत सबसे उदार मुगलिया सल्तनत की स्थापना करने वाला बाबर कबीर साहेब की मृत्यु से 18 साल दूर खड़ा था। यहां इतिहास को हिन्दी साहित्य के सर्वाधिक क्रांतिकारी संत कवि के जीवन काल को इन सन्दर्भों के साथ इसलिये देखा जा रहा है क्योंकि यही वह काल था जब सारे कवियों, संतों के पास दो ऑप्शन थे (बाद में भी रहे)- उपरोक्त किसी के भी दरबार में रहकर सम्पन्नता का जीवन जियें, या फिर %संतन को कहां सीकरी सो काम% की तर्ज़ पर जनता के बीच रहकर हरिनाम जपते रहें। कबीर ने बताया कि उनका मन गरीबी में लगता है। इसलिए कबीर का गुजरान गरीबी में आसानी से हो गया। उन्होंने न सत्ताधीशों की संगत में बैठना पसंद किया और न ही दरबार से जुड़े लोगों के गठबन्धन में वे शामिल हुए- जो कि उस वक्त भी ज़रूर रहा होगा। जैसा कि हर दौर में हुआ करता है।

अब स्थिति दूसरी है। कम से कम भारत के सियासी हवाले से कह सकते हैं कि आज, खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शासनकाल के तमाम राजनीतिक दलों के पास तीन-चार ऑप्शन उपलब्ध हैं- या तो भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में बने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबन्धन में जाकर सुकून से रहें; या फिर कांग्रेस की रहनुमाई में बने विपक्षी गठबन्धन इंडिया में रहकर तमाम खतरे मोल लें। तीसरा विकल्प भी ज़रूर है; वह है दोनों से अलग रहें और जब जिसके साथ जाने में फायदा मिले, उसके साथ निकल लिये। मायावती, रामदास अठावले, दिवंगत रामविलास पासवान आदि। हां, एक और रास्ता है जिसे भूलना अनुचित होगा- वह है अरविंद केजरीवाल, असदुद्दीन ओवैसी, के चंद्रशेखर राव, जगन मोहन रेड्डी आदि। अगर वे किसी की %बी% टीम भी कहलाते हैं तो उन्हें उससे कोई गुरेज़ नहीं। वैसे भारतीय राजनीति में इस तरह की जितनी पार्टियां हैं वे और भाजपा एक दूसरे को तौलती व आजमाती रहती हैं। भाजपा से बाकी दलों का सम्बन्ध इतने भर का नहीं है कि केन्द्र के साथ रहने का फायदा उठाया जाये, बल्कि उनके सम्बन्धों का आधार केन्द्रीय जांच एजेंसियों का भय भी है। गिनती के ही कुछ नेता हैं जो बेहद निर्लिप्त किस्म के हैं, मसलन नवीन पटनायक आदि। वे शांत चित्त प्रदेश के लिये अपना काम करते हैं और दोनों ही खेमों से दूर रहते हैं। न तीन में न तेरह में।

बहरहाल, आज दरबार लगाकर दिल्ली के तख्ते ताऊस पर बैठे लोग पुराने समय के मुकाबले काफी उदार भी हुए हैं। अब वे उन लोगों के लिये भी तपाक से अपने द्वार खोल देते हैं जिनके लिये कभी वे सार्वजनिक मंचों से ऐलान कर चुके होते हैं कि %फलां-फलां कान खोलकर सुन लें कि उनके लिये महल के दरवाजे बन्द हो चुके हैं।% उनके हृदय की यह विशालता ही कही जायेगी कि जिन लोगों को वे देश के सबसे भ्रष्ट नेता, मंत्री या मुख्यमंत्री करार दे चुके होते हैं उनके साथ मिलकर वे चुनाव लड़ लेते हैं और जीत जाने पर सरकार भी बना लेते हैं; उनके तहत काम करने के लिये तक सहर्ष तैयार हो जाते हैं। अब शासकों को इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि अनैतिकता का नया नाम %चाणक्यगिरी% है। विरोधियों को साथ लेने के लिये केवल चुनावी रणनीति या कोई साझा कार्यक्रम ही नहीं बनता बल्कि अब किसी का साथ पाने के लिये उनके पितामहों या आदर्श पुरुषों को %भारत रत्न% से भी नवाज़ा जाता है, फिर चाहे उनके साथ कितना भी वैचारिक विरोध ही क्यों न रहा हो।

इसके विपरीत जो दरबार में हाजिरी नहीं बजाते उनका जीवन बड़ा कठिन होता है। किस रोज उनके द्वार पर सीबीआई, ईडी, आयकर अधिकारी दस्तक दे देंगे, कहा नहीं जा सकता। ऐसे गैर दरबारी नेताओं व दलों में हमेशा टूट-फूट होती रहती है और उनकी सरकारें कब गिर जायें- इसका बिलकुल भरोसा नहीं रहता। दरबार से बाहर रहने वाले दलों के विधायकों पर हमेशा दबाव रहता है। दबाव हर तरह के होते हैं- जैसा कि ऊपर बताया गया- जांच एजेंसियों का या थैलियों का। जो जिस लायक होता है उसके साथ वैसी डील करने में दरबार माहिर है। जिसे कमज़ोर नब्ज़ पर हाथ रखना भी कहा जाता है। कभी-कभी इस बात की सख्त ज़रूरत तो महसूस होती है कि ऐसे दरबार के खिलाफ विद्रोह कर दिया जाये, उसे उखाड़ फेंका जाये। सताये हुए या समविचारी साथी भी जुट जाते हैं लेकिन यह बहुत आसान नहीं होता। उसके लिये राहुल गांधी बनना होता है, हेमंत सोरेन, स्टालिन, सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और तेजस्वी यादव बनना होता है।

इसलिये बड़ी बात नहीं कि जब बिहार विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के दौरान तेजस्वी यादव बतलाते हैं कि नीतीश कुमार कहते थे कि %उनका इंडिया गठबन्धन में मन नहीं लगता।% अगर किसी का विरोधी खेमे में मन नहीं लग रहा तो उसमें बुरा लगा लेने वाली कोई बात नहीं है। हालांकि नीतीश बाबू के संदर्भ में यह बात थोड़ी आश्चर्यकारी हो सकती है कि उनके घर में कभी जांच अधिकारी पहुंचते क्योंकि उन पर ऐसा कोई आरोप कभी नहीं रहा और वे साफ छवि के नेता माने जाते हैं। इसलिये तो वे मोदी विरोधी खेमे इंडिया के झंडाबरदार बने। हालांकि वर्तमान दौर में बिना आधार व कारण के भी जांच एजेंसियां धमक सकती हैं। राहुल के इस कथन का शायद कभी खुलासा हो कि आखिर वह %थोड़ा सा दबाव% किस बात का था जिससे कि %नीतीश कुमार टूट गये%। वैसे नीतीश की तरह ही बहुतों को लगता है कि दरबार के साथ बने रहे तो उनके राज्य में विकास के काम जल्दी होंगे; जहां कथित डबल इंजिन की सरकारें हैं, वहां काम की दशा और गति को देखकर जाना जा सकता है कि इसकी कोई गारंटी नहीं कि दरबार का आशीर्वाद सभी को मिलेगा ही। फिर, जैसा कि अष्टछाप कवियों में से एक कुंभनदास कह गये हैं-

संतन को कहां सीकरी सो काम  
आवत जावत पनिहा टूटी, बिसरी गयो हरिनाम।।  
जिनको मुख देखे दुख उपजत  
तिनको करिबे परी सलाम।।

नीतीश की दिक्कत अब यह होगी कि वे हरिनाम की तरह सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, विशेष राज्य का दर्जा, पैकेज आदि का अब तक जो सुमिरन करते थे, सब भूल जाएंगे। अभी तक जिन मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख देखते ही उनके मन में दुख उपजता था, उन्हें भी नीतीश बाबू को सलाम करना पड़ेगा।

गरीबी में जिसका मन लग जाये, आखिर वही तो कबीर होता है; जो हर कोई तो हो नहीं सकता।

# अब नेपाल में भी कर सकेंगे यूपीआई से भुगतान, डिजिटल पेमेंट को लेकर हुआ समझौता

**काठमांडू।** भारत और नेपाल के केंद्रीय बैंक के बीच डिजिटल पेमेंट सिस्टम को लागू करने को लेकर गुरुवार को एक समझौता हुआ। मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास और नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर महाप्रसाद अधिकारी ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और नेपाल के नेशनल पेमेंट इंटरफेस (एनपीआई) को लिंक किया जाएगा। इससे नेपाल में यूपीआई और भारत में एनपीआई से भुगतान किया जा सकेगा।



नेपाल राष्ट्र बैंक ने एक बयान में कहा है कि इस समझौते के तहत डिजिटल पेमेंट सिस्टम के लिए एक संयुक्त नियामक तंत्र की स्थापना की जाएगी। मुंबई में आज दोनों देशों के गवर्नरों के बीच हुए समझौते के बाद इसे आर्थिक क्षेत्र में ऐतिहासिक दिन के रूप में बताया गया है। नेपाल राष्ट्र बैंक ने कहा है कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों के साथ आर्थिक संबंधों को भी एक नई ऊंचाई मिलेगी।

लंबे समय से नेपाल और भारत के बीच एक दूसरे के देश में डिजिटल भुगतान की प्रक्रिया को सहज और सरल बनाने को लेकर प्रयास किया जा रहा था। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' की पिछली भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच डिजिटल पेमेंट सिस्टम को लेकर एक समझौता किया गया था। उसी के तहत आज दोनों देशों के केंद्रीय बैंकों के गवर्नर के बीच आज मुंबई में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

# अमेरिका के कैनसस सिटी में फायरिंग, एक की मौत, 21 घायल




**कैनसस सिटी,।** संयुक्त राज्य अमेरिका में मिसौरी के कैनसस सिटी में बुधवार को सुपर बाउल जीत का जश्न मातम में बदल गया। जीत के जश्न में निकाली गई रैली के दौरान की गई अचानक की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। घायलों में नौ बच्चे भी शामिल हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना कैनसस सिटी के यूनियन स्टेशन के पास हुई। पल भर में सुपर बाउल जीत का जश्न अराजकता के दृश्य में बदल गया। कैनसस सिटी पुलिस प्रमुख स्टेसी ग्रेव्स ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन तीनों में से दो के पास हथियार मिले हैं। अभी यह साफ नहीं हो सका है कि गोली क्यों चलाई गई।

चिल्ड्रेन्स मर्सी हॉस्पिटल ने कहा कि उनके यहां 12 लोगों का इलाज किया जा रहा है। इनमें 11 बच्चे हैं। बच्चों की उम्र 6 से 15 वर्ष है। अस्पताल की प्रवक्ता स्टेफनी मेयर ने कहा कि नौ बच्चों को गोली लगी है। किसी भी बच्चे की हालत गंभीर नहीं है। कुछ घायलों को यूनिवर्सिटी हेल्थ और ट्रूमैन मेडिकल सेंटर पहुंचाया गया। इनमें दो लोगों की हालत नाजुक है।

पुलिस का कहना है कि रैली में कैनसस सिटी और मिसौरी के गवर्नर सहित अधिकारी शामिल थे। कैनसस की गवर्नर लौरा केली को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मिसौरी के गवर्नर माइक पार्सन और उनकी पत्नी दोनों सुरक्षित हैं। कैनसस सिटी के खिलाड़ियों ने घटना पर दुख जताया है। रविवार को अपनी टीम को जीत दिलाने वाले क्वार्टरबैक पैट्रिक महोम्स ने कहा कि वह "कैनसस सिटी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।"

# राष्ट्रपति पुतिन का दावा, रूस कैंसर की वैक्सीन बनाने के करीब पहुंचा

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को दावा किया कि रूसी वैज्ञानिक कैंसर की वैक्सीन बनाने के करीब पहुंच चुके हैं। पुतिन ने दावा किया कि वैज्ञानिक जल्द ही इसे मरीजों के लिए उपलब्ध कराएंगे। पुतिन ने कहा कि हम कैंसर वैक्सीन और नई पीढ़ी की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत करने वाली दवाओं के निर्माण के बहुत करीब आ गए हैं। पुतिन ने उम्मीद जताई कि जल्द ही उनका प्रभावी ढंग से चिकित्सा के रूप में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने मास्को में भविष्य की तकनीकों पर आयोजित कार्यक्रम में ये बातें कहीं। पुतिन ने यह नहीं बताया कि प्रस्तावित टीके किस प्रकार के कैंसर को लक्षित करेंगे और न ही उन्होंने बताया कि यह कैसे काम करेगा। कई देश और कंपनियां कैंसर के टीकों पर काम कर रही हैं।



पिछले साल ब्रिटिश सरकार ने जर्मनी स्थित बायोएनटेक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो कैंसर उपचार प्रदान करने के लिए परीक्षण शुरू करेगा। जिसका लक्ष्य 2030 तक 10,000 रोगियों तक पहुंचना है। फार्मास्युटिकल कंपनियां माडर्ना और मर्क एंड कंपनी एक प्रयोगात्मक कैंसर वैक्सीन विकसित कर रही हैं, जो एक मध्य चरण अध्ययन में तीन साल के उपचार के बाद मेलेनोमा (सबसे घातक त्वचा कैंसर) से मृत्यु की संभावना को आधा कर देती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्तमान में छह लाइसेंस प्राप्त टीके हैं जो कई तरह के कैंसरों का कारण बनने वाले मानव पेपिलोमाविरस (एचपीवी) के उपचार के लिए हैं, जिनमें सर्वाइकल कैंसर भी शामिल है। साथ ही हेपेटाइटिस बी (एचबीएस) के खिलाफ टीके भी हैं, जो लीवर कैंसर का कारण बनता है।

# खलीज टाइम्स का हिन्दू मंदिर के उद्घाटन पर नजरिया-'संयुक्त अरब अमीरात ने इतिहास में नया अध्याय लिखा'



**अबूधाबी।** संयुक्त अरब अमीरात में बड़ी प्रसार संख्या वाले अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र 'खलीज टाइम्स' ने आज (15 फरवरी, 2024/गुरुवार) के अपने अंक में अबूधाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन अवसर के समाचार को प्रमुखता दी है। अखबार ने प्रथम पेज की पहली सचित्र खबर का शीर्षक -'यूएई स्क्रिप्ट्स ए न्यू चैप्टर इन हिस्ट्री' (संयुक्त अरब अमीरात ने इतिहास में नया अध्याय लिखा) दिया है।

'खलीज टाइम्स' ने इस समाचार को अंदर के पन्ने पर भी तरजीह दी है। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है, मध्य पूर्व के पहले पारंपरिक हिंदू मंदिर का उद्घाटन अबूधाबी में किया गया। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के वर्तमान आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य महंत स्वामी महाराज और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फीता काटकर बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। यह समारोह हिन्दू वैदिक रीत रिवाज से संपन्न हुआ। वैदिक समारोह में प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल हुए।

अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 27 एकड़ भूमि पर बने इस प्रतिष्ठित मंदिर में पहुंचने पर बीएपीएस हिन्दू मंदिर के परियोजना प्रमुख पूज्य ब्रह्मविहरिदास स्वामी और पूज्य ईश्वरचरण स्वामी ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रह्मविहरिदास स्वामी को गर्मजोशी के साथ गले लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां बने थ्रीडी केंद्र का दौरा भी किया। यह केंद्र मंदिर के दर्शन और यात्रा के बारे में 12 मिनट का गहन अनुभव प्रदान करता है। भारतीय प्रधानमंत्री ने मंदिर के वास्तुशिल्प की प्रशंसा की।

खलीज टाइम्स ने इस मंदिर के वास्तु पर लिखा है-यह वास्तुशिल्प उत्कृष्टता का उत्सव है और प्राचीन सभ्यताओं की समृद्धि को सामने लाता है। इस उत्कृष्ट कृति की झलक पाने के लिए भक्त सुबह से ही उमड़ने लगे। इस भव्य समारोह में हजारों भक्तों और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस वजह से यह समारोह संयुक्त अरब अमीरात और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बन गया।

# शाहबाज शरीफ बन सकते हैं पाकिस्तान के अगले प्रधानमंत्री, कैबिनेट में 25 मंत्री शामिल करने पर मंथन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में चुनाव के बाद पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पार्टी प्रमुख और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बजाय 72 वर्षीय शहबाज को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। वहीं जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को संसद में अधिक सीट मिलने के बावजूद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सत्ता में नहीं आ पाएगी। देश में आठ फरवरी को हुए चुनाव में खंडित जनादेश आया था और चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे।

इससे पहले, शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के खालिद मकबूल सिद्दीकी के साथ मंगलवार रात पाकिस्तान मुस्लिम लीग-कायद (पीएमएल-क्यू) के शुजात हुसैन के आवास पर मुलाकात की और सरकार गठन पर सहमति जताई।

शरीफ ने बैठक में उपस्थित अन्य नेताओं का आभार जताते हुए कहा, आज हम देश को यह बताने के लिए एकजुट हुए हैं कि हमने खंडित जनादेश स्वीकार कर लिया है। मैं जरदारी और बिलावल (भुट्टो) का आभारी हूं कि उन्होंने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का समर्थन करने का फैसला किया है। पीएमएल-एन की सूचना सचिव मरयम औरंगजेब ने कहा कि पार्टी प्रमुख नवाज शरीफ ने देश के प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी अध्यक्ष और अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ (72) को नामित किया है। उन्होंने बताया कि पीएमएल-एन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और नवाज शरीफ की राजनीतिक उत्तराधिकारी मानी जाने वाली मरयम नवाज को पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित किया गया है। पार्टी की सूचना सचिव ने कहा, नवाज शरीफ ने उन राजनीतिक दलों का आभार जताया है जिन्होंने आगामी सरकार बनाने में पीएमएल-एन का समर्थन किया है और उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसे फैसलों से पाकिस्तान संकट से बाहर आ जाएगा।

ताजा राजनीतिक घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने कहा कि पीएमएल-एन के लिए सबसे अच्छा विकल्प ह्यह्यअपनी हार को शीलनता से स्वीकार करनाह्लह्ल और उनकी पार्टी के संस्थापक इमरान खान को देश को संकट से उबारने देना है।

प्रधानमंत्री पद के अलावा, पाकिस्तान में अब संघीय मंत्रिमंडल के लिए नामों की चर्चा शुरू हो गई है। उम्मीद है कि शुरूआती चरण में कैबिनेट में 25 मंत्री बनाए जा सकते हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सूत्रों की मानें तो बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ ने बैठक की। इस दौरान कई नामों पर चर्चा हुई। उम्मीद है कि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को तीन से पांच मंत्रालय मिल सकते हैं, जिसमें खालिद मकबूल सिद्दीकी, फारूक सत्तार, मुस्तफा कमाल, अमीनुल हक, ख्वाजा इजहारुल हसन सहित अन्य नेताओं के बारे में विचार किया जा रहा है।

इसके अलावा, पीएमएल-एन ने अपने कोटे के 15 नेताओं के नामों पर चर्चा की। इनमें इशाक डार, अयाज सादिक, ख्वाजा आसिफ, अहसान इकबाल, मरियम औरंगजेब, अताउल्लाह तरार, शाजा फातिमा ख्वाजा, रियाजुल हक जुज, बिलाल अजहर कयानी, डॉ तारिक फजल चौधरी, कमरुल इस्लाम और राणा तनवीर हुसैन शामिल हैं। इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) के अवन चौधरी प्रधानमंत्री के विशेष सहायक के रूप में नियुक्त हो सकते हैं।

## भारत और यूएई के बीच ऊर्जा, आधारभूत ढांचा, निवेश व प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने को 10 समझौते

**अबूधाबी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दौरे के बीच भारत और यूएई के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के दस समझौते किए हैं। इन समझौतों में क्षेत्रों में ऊर्जा, आधारभूत ढांचा, निवेश और प्रबंधन के क्षेत्र हैं। इन समझौतों से दोनों देशों के संबंधों में और ज्यादा प्रगाढ़ता आई है। समझौतों की जानकारी देते हुए यह बातें भारतीय विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कही है।

अबू धाबी में प्रेस कान्फ्रेंस में क्वात्रा ने कहा कि भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय कारोबार 85 अरब डालर के करीब पहुंच चुका है। इतना ही नहीं यूएई भारत में सबसे ज्यादा निवेश करना वाला चौथा देश है। हमारे संबंधों का महत्व इसी से समझा जा सकता है कि यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद ने मंगलवार को हवाई अड्डे पर आकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया था।

इसके बाद दोनों नेताओं ने आपस में बात की और उसके बाद प्रतिनिधिमंडलों के जरिये बात हुई।

विदेश सचिव ने बताया कि जो समझौते हुए हैं उनसे भारत में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी और स्वच्छ ऊर्जा को विकसित करने में सहायता मिलेगी। दोनों देशों के बीच ग्रीन हाइड्रोजन के भंडारण का भी समझौता हुआ है। दोनों देश ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए शोध में भी सहयोग करेंगे। दोनों देश भारत-मध्य पूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के विकास के लिए भी सहयोग करेंगे। दोनों देश मिलकर आपूर्ति व्यवस्था को भी सुदृढ़ करेंगे जिससे उत्पादों का लागत मूल्य कम होगा और वस्तुएं जल्द उपलब्ध होंगी।

# म्यांमार के 330 जवान आज बांग्लादेश से लौटेंगे स्वदेश

**ढाका।** बांग्लादेश में शरण लिए म्यांमार के 330 सीमा रक्षकों और सेना के जवानों को वापस भेजने की प्रक्रिया आज (गुरुवार) सुबह शुरू हो गई। इससे पहले दोनों देशों की सीमा सुरक्षा एजेंसियों के बीच बैठक में इस मसले पर चर्चा हुई।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जनसंपर्क अधिकारी शरीफुल इस्लाम के हवाले से यह जानकारी दी गई है। शरीफुल इस्लाम ने कहा कि बैठक में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के प्रमुख मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी के नेतृत्व में म्यांमार के बॉर्डर गार्ड पुलिस के अधिकारियों ने बैठक की। उन्होंने कहा कि म्यांमार के जवानों को सौंपने की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। नाइखोंगचारी में घुमदम और टेकनाफ में हनीला से म्यांमार के बॉर्डर गार्ड पुलिस के सदस्यों को इनानी में नौसेना जेटी घाट के पास एक क्षेत्र में लाया गया है। यह सदस्य चार से सात फरवरी के बीच बांग्लादेश आए थे।



# कई बीमारियों सहित निशुल्क नेत्र शिविर सम्पन्न

**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

परम पूज्य गुरुदेव श्री रणछोड़ दास जी महाराज आश्रम निचला बाजार बीनागंज पर श्रीमती कांता जैन सेवा निवृत शिक्षिका की पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती भगवती देवी जैन की पुण्य स्मृति में मोतियाबिंद नेत्र शिविर , दांत शिविर , जोड़ों का दर्द ,कमर का दर्द, घुटनों का दर्द ,सायटिका, नसों का खींचना जाम होना ,रीड की हड्डी एवं टेड़ापन आदि का समाधान शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती एवं श्री हनुमान जी पूजन एवं श्री परम पूज्य गुरु देव श्री रणछोड़ दास महाराज जी की पूजन अर्चन के बाद आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज जी को श्रद्धांजलि देकर किया गया ।मुख्य अतिथि खण्ड चिकित्साधिकारी चाचौड़ा शरद यादव , विशेष अतिथि अरुण जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर गया ।जिसमें शासकीय अस्पताल की ज्यादातर टीम उपस्थित रहीं।सभी का शारदा विद्या निकेतन विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया ।शिविर में 430 मरीजों का पंजीयन हुआ जिसमें से 89मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए पाए गए और 89 मरीजों को ऑपरेशन के लिए




आनंदपुर निशुल्क वाहन द्वारा भेजा गया 7बाकी 180 मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गई 75 मरीजों को चश्में निशुल्क प्रदान किए गए। दाढ़ दांत स्पेशलिस्ट डॉ हिमांशु शर्मा द्वारा 80 मरीजों का टेस्ट एवं निशुल्क टैबलेट प्राप्त की एवं जोड़ों का दर्द घुटनों का दर्द नसों का जाम खींचना होना रीड की हड्डी का टेडापन के 90 मरीज पाए गए ।जिनके लिए मालिश तेल दिया गया । टैबलेट दी गई ।उनको कुछ एक्सरसाइज भी बताई गई शिविर के शुभारंभ अवसर पर शारदा विद्या निकेतन परिवार द्वारा आनंदपुर से पधारे डॉक्टर अनिल पटेल डॉक्टर अरुण जैन,डॉक्टर हिमांशु शर्मा एवं डॉ प्रदीप शाक्यवार के साथ-साथ के सम्माननीय पत्रकारों का भी शील्ड भेंट कर सम्मान किया गया ।कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष विजय सिंह रघुवंशी, नेत्र सहायक सोनू शर्मा ,सचिव महेश गोयल, मुकेश नामदेव ,गोपाल खंडेलवाल, कमला/मर्दन सिंह मीना पूर्व जनपद अध्यक्ष चाचौड़ा, प्रदीप रघुवंशी एवं अन्य अतिथियों में हेमंत गोड़ अशोक जैन,पवन जैन ,संतोष जैन वीरेन्द्र जैन ,भानू जैन शिखर जैन आदि उपस्थित रहे।अतिथियों का भी स्वागत शारदा विद्या निकेतन परिवार द्वारा शिविर का आयोजन कराने के लिए श्रीमती कांता जैन शिक्षिका को सद्गुरु सेवा समिति द्वारा धन्यवाद प्रदान किया । राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना ने शिविर में विशेष रूप से उपस्थित रहकर शिविर में महत्पूर्ण भूमिका निभाई।, राकेश शर्मा, उषा साहू,प्रताप सिंह शाक्यवार, गोपाल बाबू मैथिल उपस्थित रहें।कन्या माध्यमिक विद्यालय बीनागंज के प्रधान अध्यापक एवं समस्त विद्यालय परिवार ने शिविर में उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया । इस शिविर का सफल संचालन किराना व्यवसाई मनोज जैन ने किया ।शिविर में सभी मरीजों को चाय एवम भोजन की व्यवस्था रही । अंत में आभार सविता जैन द्वारा व्यक्त किया गया।

# बीज प्रतिस्थापन दर के लिए मसूर के बीज का करें फैलाव

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- कृषि विज्ञान केंद्र शिवपुरी द्वारा भारत सरकार के दलहन प्रोत्साहन कार्यक्रम अंतर्गत क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन विकासखंड बदरवास के ग्राम कुटवारा मे 21 फरवरी को मसूर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया जिसमें क्लस्टर प्रदर्शनों की भूमिका के साथ मसूर फसल के उन्नत बीज प्रजाति एल 4727 के प्रदर्शनों से प्राप्त उत्पादन के बाद क्षेत्र में कृषकों में बीज प्रति स्थापन दर बढ़ाने के लिए देने का आग्रह किया गया। जिससे जिले में दलहन फसल मसूर का उत्पादन बड़े और उन्नत प्रजाति का क्षितिज प्रसार अधिक से अधिक हो सके।कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ पुनीत कुमार के निर्देशन में क्लस्टर प्रदर्शन प्रभारी डॉ.ए.एल.बसेड़िया के साथ सस्य विज्ञानी डॉ.शैलेंद्र सिंह कुशवाह, डॉ.एम.के.भार्गव पादप प्रजनक डॉ.पुष्पेंद्र सिंह ने मसूर दिवस के अवसर पर कृषक संगोष्ठी में कृषकों की जिज्ञासा का वैज्ञानिक तकनीकियों से समाधान बताते हुए क्षेत्र एवं खेतों का भ्रमण किया। इसी क्रम में ग्राम संगेश्वर में भी फसलों का निरीक्षण कर समसामयिक कृषि तकनीकी सलाह दी गई। आयोजन में 60 से अधिक कृषकों की सहभागिता रही। आयोजन के सफल क्रियान्वयन में कृषक इमरत सिंह, सीताराम, पुष्पेंद्र लोधी की प्रमुख भूमिका रही एवं क्षेत्र भ्रमण में गोविंद सिंह दांगी, प्राण सिंह दांगी भी उपस्थित रहे।

# समाधान शिविर के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक - अर्चना सिंह

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन में अर्चना सिंह जिला न्यायाधीश/सचिव ने समाधान आपके द्वार योजना के पंचम चरण शिविर की तैयारी के संबंध में आज एडीआर भवन शिवपुरी के सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया।बैठक में समाधान आपके द्वार योजना अंतर्गत रखे जाने वाले प्रकरणों जैसे वन विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस विभाग, नगरीय निकाय, राजस्व विभाग, न्यायालय में




रखे जाने वाले राजीनामा योग्य प्रकरणों के साथ-साथ कल्याणकारी योजनाऐं आयुष्मान, आधार, समग्र आईडी जैसी योजनाओं अंतर्गत तैयार प्रकरणों के संबंध में एवं तैयार प्रकरणों को गूगल शीट में अपडेशन किये जाने के संबंध में अपडेट जानकारी ली तथा समाधान शिविर के वृहद प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए निर्देश दिये गये कि शहर के प्रमुख चौराहे पर फ्लेक्स बोर्ड एवं नगरपालिका के सफाई वाहनों पर आवश्यक रूप से समाधान एवं लोक अदालत के जिंगल्स चलाये जाने चाहिए एवं समस्त विभागों के लेवल 1 के अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर किये जाने वाले कार्याकलाप के फोटोग्रा्स, वीडियो की जानकारी जिला प्राधिकरण को देने के निर्देश दिये।इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार चढार, समाधान योजना के नोडल अधिकारी एम.के.जैन, अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मूले, डॉ.अल्का त्रिवेदी, प्रभारी सीएमओ. नगरपालिका शिवपुरी सचिन चौहान, सौरभ गौर, मनोज दुबे, सचिन्द्र सिंह तोमर, अमन सक्सेना सहित नगरपालिका, विद्युत विभाग, वन विभाग आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस थाना करैरा ने एक स्थाई गिरफ्तारी वारंटी व एक गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार






**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

करैरा, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिहं भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा शिवनारायण मुकाती के निर्देशन में स्थाई व गिरफ्तारी वारंट तामील का अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी करैरा टीआई सुरेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस थाना करैरा की टीम ने स्थाई गिरफ्तारी वारंटी रामकिशन प्रजापति निवासी डुमाडुमा व गिरफ्तारी वारंटी कल्ला उर्फ बृजेश जाटव निवासी रौनक ढाबा के पास करैरा को गिरफ्तार किया । रामकिशन प्रजापति का विद्युत चोरी के व कल्ला जाटव उर्फ बृजेश का मारपीट के प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे जो कई वर्ष से पुलिस को चकमा दे रहे थे ।वारंटी को गिरफ्तार करने में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक राजेंद्र यादव ,आरक्षक चंद्रशेखर मीणा ,जसवंत परिहार, रक्षा समिति सदस्य मनमोहन तोमर व आनंद यादव व पूरन की मुख्य भूमिका रही।

# पिछोर में टीम ने की जांच, खाद्य पदार्थो की सैंपलिंग

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**



पिछोर,खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को पिछोर में टीम ने कार्यवाही की। राजस्व और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संयुक्त भ्रमण कर मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच की।तहसीलदार पिछोर ने बताया कि शिवपुरी रोड पिछोर स्थित मेसर्स भार्गव दूध डेयरी पर टीम ने दूध, घी, पनीर के सैंपल लिए। डाक बंगला रोड गणेश चौक नगरिया ट्रेडर्स से तेल, और परमार दूध डेयरी भौंती से मावा, दूध, पनीर और रन्नौद रोड स्थित प्रीति एंटरप्राइजेज से वर्फ की जांच की। अमानक खाद्य पदार्थों को न बेचा जाए यह निर्देश दिए हैं। अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

# गोढीयारी में नशा मुक्ति अभियान का सफल आयोजन






नशा मुक्ति अभियान ग्राम पंचायत व संकुल केन्द्र गोढियारी में रैली, नुक्कड़ नाटक, और मोहल्ला बैठक कर जन जागरुकता का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मितानिन व सुपरवाइजर श्रीमती जमुना प्रधान, गीता अवस्थी, हिरादी घरमनी,भाम्यवती, हुमान्दी माधुरी, उमा, दिनेश्वरी झजमनी, गोमती, गौरी बालेश्वरी, अनुछाया, हिगों निर्मला, तारा, ललिता, पुनेबाई, अंजनी, कौशल्या जगोबाई, रुक्मणी, मंदना एवं शिक्षक गण पंचायत पदाधिकारियों सरपंच श्रीं टीकमसिंह मांझी, श्री तिरेश कुमार प्रधान अनु जाती मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गरियाबंद छ.ग.एवं पंच गण उपस्थित रहे। महिलाओं ने चौराहा पर हुडदंग करने वाले को दण्ड और घर घर शराब पिलाने वाले के ऊपर कठोर कार्यवाही के लिए पुलिस थाना मे सूचना देने की अपील की गई हैं।

ईको क्लब गरियाबंद जिला समन्वयक श्री कमल किशोर ताम्रकार ने अपने भाषण में नशा के दुष्परिणाम और समाज में सम्मान को लेकर एक मार्मिक प्रसंग सुनाया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बांधा समा

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

नृत्य, गायन, मूक अभिनय, कविता पाठ जैसी विधाओं में छात्र-छात्राओं ने रा जयष्ट भक्ति, जनजातीय संस्कृति जैसे विषयों पर दी रंगारंग प्रस्तुतियां आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की तथा जंगल वाला आमू आदिवासी, आपणा आदिवासी जैसे गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी तो कही अपने सपनों से नहीं सपनों के लिए लड़ो जैसे प्रेरणात्मक स्वरचित काव्य का पाठ किया गया।शहर के पीजी कॉलेज खरगोन में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री दीपक कानूननगो के आतिथ्य में तथा प्राचार्य डॉ. आरएस देवड़ा की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन



किया गया। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में अतिथियों का परिचय कराते हुए वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शैल जोशी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि श्री दीपक कानूननगो ने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सींचने के लिये युवाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किये।प्राचार्य डॉ. देवड़ा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक कलाओं के प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। स्नेह सम्मलेन प्रभारी डॉ. जीएस चौहान ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. रंजीता पाटीदार प्रो. ऐश्वर्या दिलावरे तथा प्रो. संजय कोचक ने किया। कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति सदस्य महाविद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**पुरस्कार समारोह में इन्हें किया जाएगा सम्मानित-** वर्षभर एनएसएस, एनसीसी, क्रीड़ा विभाग, मतदान जागरूकता, समाज कार्य विभाग, शोध कार्य, आजादी का अमृत महोत्सव, राष्टीय युवा दिवस के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियो

# लाल लाल चुनरी सितारों वाली जिसे ओड़कर आई है मां शेरावाली भजन पर हजारों भक्तों ने झूम कर गुनगुनाया लखबीर सिंह लक्खा का भजन

## भजन संध्या कार्यक्रम में हजारों भक्त डूबे भक्ति में।





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। नगर के प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर बसारा पर इन दिनों धर्म की गंगा बह रही है यहां 10 फरवरी से 14 फरवरी तक मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा,15 फरवरी को कलश यात्रा एवं 16 फरवरी से 22 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, कथा व्यास पंडित संतोष शास्त्री वृंदावन धाम के मुखारविंद से निरंतर जारी है। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन समाज सेवक राजा भैया गुर्जर के द्वारा कराया जा रहा है। यहां हजारों की तादात में माता के भक्त प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं एवं रोजाना अलग-अलग मठों, मंदिरों के महंत व पुजारी एवं धर्माचार्य, पहुंच कर अपनी ज्ञान की गंगा से भक्तगणों को अपने संदेश दे रहे हैं। इसी बीच 20 फरवरी को हिंदुस्तान ही नहीं विदेशों में भी भजनों के माध्यम से ख्याती प्राप्त कर चुके, भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा द्वारा कालिका माता मंदिर बसारा पर अपनी भजन गायकी से हजारों भक्तों का मन मोह लिया उन्होंने ÷लाल लाल चुनरी सितारों वाली जिसे ओड़कर आई है मां शेरावाली, ÷मां का चोला है रंगला÷ जैसे अनेक प्रकार के भजनों से पंडाल में मौजूद हजारों भक्तों को झूमने व नाचने पर मजबूर कर दिया। अभी हाल ही में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला विराजमान हुए हैं उसी को देखते हुए लखबीर सिंह लक्खा के द्वारा÷सुनो केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम मेरी राम जी से कह देना जय सिया राम÷ नामक इस भजन पर पूरा पंडाल राम मय हो गया। आज की श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मणी विवाह की लीला आयोजित की गई।महामंडलेश्वर संतों ने दिया भक्तों को आशीर्वचन-ॅनगर के प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर बसारा पर इन दिनों धर्म का ज्ञान प्रफुल्लित हो रहा है यहां कई जगतगुरु एवं महामंडलेश्वर, धर्माचार्य भक्तों को अपनी वाणी से धर्म का ज्ञान दे रहे हैं इसी कड़ी में आज दंदरौआ सरकार के महामंडलेश्वर महांत रामदास महाराज, राष्टीय संत महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा, महामंडलेश्वर स्वामी अनिलानंद महाराज, महामंडलेश्वर अभी रामदास महाराज महाकाल, ऋषि अजय दास महाराज किन्नर अखाड़ा के संस्थापक, जगतगुरु आनंदेश्वर महाराज, स्थानीय कथा वाचक कविता कुमारी सहित आधा सैकड़ा से अधिक अलग-अलग मठों मंदिरों एवं अखाड़ों के संत शिरोमणी ने भक्त जनों को अपना आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम का संचालन महेश उमरैया द्वारा किया जा रहा है।

# 12वीं के विभिन्न विषयों के पेपर संपन्न

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**आज 21 फरवरी को माध्यम शिक्षा मण्डल बोर्ड द्वारा हाई सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वी के रसायनशास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एली ऑफ साइंस एंड मेथेमेटिक्स यूज़फुल फार एग्रीकल्चर, ड्राइग एण्ड पेटिंग, गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान का प्रश्न पत्र हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानुड़े ने बताया कि परीक्षा जिले के 14 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न हुई। कक्षा 12वीं में विषय रसाय शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एली ऑफ साइंस एंड मेथेमेटिक्स यूज़फुल फार एग्रीकल्चर, ड्राइग एण्ड पेटिंग, गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान, परीक्षा में कुल दर्ज कक्षा 12वीं में 14267 विद्यार्थियों में से 13835 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा 432 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें। नियमित कुल दर्ज 11032 में से 10915 विद्यार्थी उपस्थित हुए तथा 117 अनुपस्थित रहें। स्वाध्यायी 3235 दर्ज में से 2920 विद्यार्थी उपस्थित तथा 315 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें।**

## जिन बच्चों के लिए धन जमा कर रहे हो, उन पर जब दस-दस भूत लगेंगे तो आपके बच्चे जीने-खाने नहीं पाएंगे,

सारी मेहनत बेकार जाएगी बंगाल दुःखहर्ता सन्त उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि आप जितने भी कार्यकर्ता हो, गुरु का काम अगर करोगे तब तो गुरु का हाथ आपके ऊपर रहेगा नहीं तो काल और दयाल की यह लड़ाई है। कलयुग ऐसे नहीं जाने वाला है। कलयुग जब जोर लगाएगा तब परमार्थ से आपको हटाएगा। गुरु की दया अगर ठुकराने की कोशिश करोगे तो धोखा खा जाओगे। आप जब काम करोगे, लोगों से मिलोगे, अच्छी-अच्छी बातें लोगों को आप बताओगे, सतसंग सुनाओगे, भाषण बाजी करोगे तो आपको सम्मान मिलेगा लेकिन गुरु के मिशन, संगत के अनुशासन को आप भूल जाओगे तो एक न एक दिन सब (सेवा, कमाई) खत्म हो जाएगा। लाभ और मान क्यों चाहे, पड़ेगा फिर तुझे देना। यह परमार्थी रास्ता है।

**सभी को एक लक्ष्य अपने घर जाने का बनाना है-**आप सब लोगों को अपना लक्ष्य कहां का बनाना चाहिए? अपने असला घर जाने का। अपना घर, अपना वतन यहां नहीं है। अपने को धन्य समझना चाहिए कि चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करने के बाद आपको एक अवसर (मनुष्य शरीर) मिल गया। आप बहुत से लोगों को यह नहीं मालूम है कि पिछले जन्म में कहां थे- कीड़ा-मकोड़ा, सांप, गोजर, बिच्छू थे या क्या थे, यह आपको नहीं पता है। आप समझो ये चौरासी लाख योनीयां हैं जिनमें (जीवात्मा को) भटकना पड़ता है।

**प्रेमियो! प्रेत योनियों में जाने से लोगों को बचाना है-**बगैर समय पूरा किये हुई मृत्यु को अकाल मृत्यु कहते हैं। आज घर-घर इतने प्रेत क्यों हो गए? एक-एक आदमी पर कई-कई भूत क्यों लग रहे हैं? यह जो हिंसा-हत्या, आदमी मारे जा रहे हैं, मुर्गा बकरा भैंसा गाय बैल काटे जा रहे हैं, सब प्रेत योनियों में जा रहे हैं। प्रेत योनि में बड़ी तकलीफ होती है। पेट बड़ा होता है, नाक बहुत छोटा होता है। उनका भोजन खुशबू सुगंधी होती है। भूख हमेशा लगी रहती है। पेट नहीं भरता है, परेशान रहते हैं, परेशान करते रहते हैं। प्रेत योनि से लोगों को बचाना पड़ेगा। जिन बच्चों के लिए इतना मेहनत करते हो कि मेरे बच्चे का नाम हो जाएगा, मैं धन कमा कर रख लूंगा, बढ़िया मकान गाड़ी घोड़ा छोड़ करके जाऊंगा, इसे सम्मान मिलेगा, वह बच्चे जीने और खाने नहीं पाएंगे,

# निबंधित मजदूर के बच्चों की पढ़ाई के लिए मिलती है राशि

**भागलपुर,** । बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधित असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित है। कल्याण बोर्ड की योजनाओं की लाभ प्राप्त करने हेतु निर्माण श्रमिकों को बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से पंजीयन करना एवं बोर्ड का सदस्य बने रहना आवश्यक है। पंजीयन के पश्चात ही उन्हें किसी प्रकार की सहायता प्राप्त हो सकती है। वैसे निर्माण कामगार जो 18 वर्ष की आयु के हो लेकिन 60 वर्ष पूर्ण नहीं किए हो, कल्याण बोर्ड के सदस्य बन सकते हैं।निबंधन शुल्क 20 रुपए तथा मासिक अंशदान 50 पैसे प्रति माह की दर से एक मुश्त 5 वर्ष के लिए निबंधन के समय 30 रुपए अर्थात निबंधन एवं अंशदान शुल्क एक मुश्त 50 रुपए देय है। 5 वर्ष के बाद श्रमिक को पुनः नवीकरण करवाना होगा अंशदान समय से जमा नहीं करवाने पर सदस्यता समाप्त हो जाएगी तथा श्रमिक को किसी प्रकार का लाभ बोर्ड से प्राप्त नहीं होगा। यदि निबंधित निर्माण श्रमिक के सदस्यता समय अंशदान जमा न करने के कारण टूट गई हो तो इस टूट को निबंधन पदाधिकारी के द्वारा पुनर्जीवित किया जा सकता है, बशर्ते कि निर्माण श्रमिक टूट की अवधि का बकाया अंशदान 50 पैसे प्रति माह की दर से बोर्ड के कोष में जमा कर दे, परंतु इस प्रकार की सदस्यता दो बार से अधिक पुनर्जीवित नहीं किया जा सकेगा। न्यूनतम एक वर्ष की सदस्यता पूर्ण होने पर निबंधित महिला निर्माण कामगार को प्रथम दो प्रसवों के लिए प्रसव की तिथि को राज्य सरकार द्वारा अकुशल कामगार हेतु निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की दर से 90 दिनों के मजदूरी के समतुल्य राशि प्रदान की जाती है।निबंधित निर्माण कामगारों के पुत्र एवं पुत्री को आई.आई.टी,ल/ आई.आई.एम तथा एम्स जैसे सरकारी उत्कृष्ट संस्थाओं में दाखिला होने पर पूरा ट्यूशन फीस वित्तीय सहायता के रूप में दिया जाता है। बी.टेक. अथवा समकक्ष कोर्स के लिए सरकारी संस्थान में दाखिला होने पर एकमुश्त 20 हजार रुपये का वित्तीय सहायता प्रदान किया जाता है। सरकारी पॉलिटेक्निक/नर्सिंग या समकक्ष डिप्लोमा कोर्स के अध्ययन के लिए एकमुश्त 10 हजार तथा सरकारी आई.टी.आई. या समकक्ष के लिए 05 हजार रुपये का वित्तीय सहायता प्रदान किया जाता है। निबंधित निर्माण कामगारों के अधिकतम दो संतानों को प्रतिवर्ष बिहार राज्य के अधीन किसी भी बोर्ड अथवा संचालित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने पर 25 हजार रुपये,70 प्रतिशत से 77.99 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने पर 15 हजार रुपये तथा 60 प्रतिशत से 69.99 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने पर 10 हजार रुपये का लाभ प्रदान किया जाता है। निबंधित निर्माण मजदूर को कौशल उन्नयन के तहत औजार क्रय हेतु 15 हजार रुपये, भवन मरम्मति हेतु 20 हजार रुपये, असाध्य रोग के चिकित्सा हेतु उस रोग में मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के समतुल्य राशि तथा वार्षिक चिकित्सा सहायता के रूप में प्रति वर्ष 03 हजार रुपये, दाह संस्कार हेतु 05 हजार रुपये, लकवा, कुष्ठ रोग, टी.वी. अथवा दुर्घटना आदि में स्थाई विकलांगता की स्थिति में 1000 रूपये प्रतिमाह तथा स्थाई पूर्ण निःशक्तता की स्थिति में एक मुश्त 75 हजार रुपये एवं आंशिक निःशक्तता की स्थिति में 50 हजार रुपये प्रदान किया जाता है। स्वाभाविक मृत्यु में ?200000 तथा दुर्घटना मृत्यु में चार लाख रुपए का लाभ दिया जाता है यदि मृत्यु आपदा के समय होती है और आपदा प्रबंधन के द्वारा अनुदान दिया जाता है तो वैसी स्थिति में बोर्ड द्वारा मात्र एक लाख रुपए ही दे हैनबंधित पुरुष कामगार जिनकी पत्नी बोर्ड में निबंधित नहीं हो, को उनकी पत्नी के प्रथम दो प्रसवों के लिए 06 हजार रुपये प्रति प्रसव की दर से प्रदान किया जाता है, जबकि निबंधित महिला निर्माण कामगार को प्रथम दो प्रासवों के लिए प्रसव की तिथि को राज्य सरकार द्वारा अकुशल कामगार हेतु निर्धारित न्यूनतम मजदूरी के 90 दिनों के मजदूरी के समतुल्य राशि दिया जाता है।वस्त्र क्रय हेतु 2500 रुपये एकमुश्त प्रदान किया जाता है

# पुरानी नाली व सेक्टर को जोड़कर सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा

बांदा। जहां केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों की आमदनी बहाने से लेकर उनकी कृषि शुभ धाम को बड़ाने को लेकर चिंतित थे बल्कि अनेकों योजनाओं के संचालन दे रही है मंजिलें कि मैं किसानों को कई जगह पर कई प्रकार की समस्या का सामना कर जूझना पड़ रहा है जिले की नरैनी तहसील अंतर्गत ग्राम केसरुआ के किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र में कहां है कि प्रांतीय लोक निर्माण खंड द्वितीय के निर्देशन में कराएं जा रहे सड़क निर्माण में किसानों की किसानी और खेती का खेतों की सिंचाई के लिए पुरानी बनी नाली को पाटकर बंद किया जा रहा है। किसान कहते हैं नाली बंद कर देने से खेतों तक पहुंचने व निकलने वाले सिंचाई का पानी प्रभावित होगा जिससे नुकसान होगा। जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा गया है कि ग्राम केसुरुआ (नरैनी) मैं पुरानी नाली व सेक्टर को जोड़कर सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जिसमे ठेकेदार नाली को मिट्टी से पाट रहा है। सिंचाई के लिए पानी देने वाली नाली को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भी है। यही पर नाली व सेक्टर मिलाकर कराए जा रहे सड़क निर्माण में किसानों ने मांग की है कि नाली छोड़ कर सड़क निर्माण कराया जाए।ताकि सिंचाई के लिए मिलने वाला पानी प्रभावित न हो। गांव के किसान अवधेश बिहारी ने जिला अधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र में कार्यवाही की अपेक्षा की है।

# खोया हुआ मोबाइल बरामद कर पुलिस ने स्वामी को सौंपा



बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना मरका पुलिस द्वारा व्यक्ति का खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद कर सुपुर्द किया गया । गौरतलब हो कि थाना मरका क्षेत्र के ग्राम बाकल के रहने वाले अनिरुद्ध द्वारा थाना मरका पर प्रार्थना पत्र देकर बताया गया था कि 15 दिसंबर 23 बबेरु जाते समय उनका मोबाइल खो गया था । जिसके क्रम में थाना मरका पुलिस द्वारा व्यक्ति का खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद करके सुपुर्द कर दिया गया । खोया हुआ मोबाइल फोन पाकर व्यक्ति ने पुलिस को हृदय से धन्यवाद दिया ।

### माह होने के बाद भी नही हुई नगर पालिका परिषद की बैठक

# 60 दिन में परिषद की बैठक का नियम 180 दिन में भी नहीं गई बुलाई थमा विकास कार्य , वार्ड पार्षद परेशान

बैकुंठपुर- नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के नेता प्रतिपक्षअन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने परिषद कि बैठक कराने के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षण करवाते हूऐ माग की है। नगरपालिका अधिनियम की धारा 51 में नियम 8 के तहत हर 60 दिन में कम से कम एक बैठक बुलाने या कैलेंडर वर्ष में कुल 6 बार बैठक होना चाहिऐ, मगर यहां पर इन नियमों को दर किनार कर दिया गया है। राज्य सरकार के नगरपालिका अधिनियम में साफ तौर पर आदेश है कि नगरीय निकाय की बैठक हर दो महीने में एक बार होना चाहिए, बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद की बैठक लगभग छः महीने से नहीं हुई है। जबकि हर 2 महीने के अंतराल मे परिषद का विशेष सम्मेलन बुलाने का नियम है। लेकिन बैठक न होने की वजह से शहर में कई विकास कार्यो को जहां मंजूरी नहीं मिल पा रही है। कई निर्माण कार्य अटके हैं। इसके बावजूद नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के सीएमओ पार्षदों का विशेष सम्मेलन को बुलाने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे है परिणाम स्वरूप शहर के विकास





अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह
नेता प्रतिपक्ष

की योजनाओं पर चर्चा नहीं हो पा रही है। नगर पालिका अधिनियम के तहत निकायों को प्रत्येक 60 दिन के अंतराल मे निर्वाचित पार्षदों का सम्मेलन बुलाना होता है। वहीं इस संबंध मे नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कहा कि बैठक बुलाने की जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की है। उन्हें समय-समय पर बैठकें आयोजित कराना चाहिए नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कहा है कि परिषद के विशेष सम्मेलन का पार्षदों को बेसब्री से इंतजार है। इसका कारण यह है कि एक ओर पिछली बैठक में स्वीकृत कार्य जहां शुरू नहीं हो पाने से उनमें आक्रोश है। परिषद की बैठक सीएमओ को बुलाना चाहिए , शहर के जनसमस्याओं व विकास कार्यों के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी परिषद ने अपने कामकाज को सुचारू तथा विकेन्द्रीकृत करने के उद्देश्य से कमेटियों का गठन कर इनका अध्यक्ष पार्षदों को बनाया है, लेकिन अधिकांश कमेटियों की बैठक भी समय पर नहीं होने की शिकायत बनी है।जिससे शहर का विकास रूक सा गया है बहुत सारे पुराने काम जो रुके हुए हैं और नये कामो का मंजूरी मिल चुका है वह भी कार्य चालू नहीं हो रहे हैं कई महीनो से पार्षदों कर्मचारियों का मानदेय नहीं मिला है पार्षद अपनी वार्डो की विकास को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं कई काम ऐसे हैं जो परिषद के बैठक में मंजूरी मिलने के बाद ही संभव है वार्ड ,नगर भ्रमण के दौरान पार्षदों से गणमान्य नागरिकों के द्वारा समस्या बताई जाती है और निराकरण करने के लिए कहा जाता है ।

# गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु केंद्राध्यक्षों को दिए गए निर्देश

कोरबा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2024 हेतु जिले के सभी हाई-हायर सेकेण्डरी स्कूलों के लिए गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी केंद्राध्यक्षों को 23 फरवरी 2024 को प्रातः 10 बजे से समन्वय संस्था सेजेस कन्या साडा कोरबा से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर संबंधित थाना/चौकी में जमा कराने हेतु निर्देश दिए हैं।

# जन सुनवाई में 104 आवेदन पत्रों में हुई सुनवाई



रीवा . कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में सहायक कलेक्टर वैशाली जैन ने आमजनता के 104 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। सहायक कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जन सुनवाई के आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण कर उसका प्रतिवेदन ऑनलाइन दर्ज कराएं। आवेदक को भी आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही से अवगत कराएं। जन सुनवाई में राघवेन्द्र केवट निवासी बागबहोर ने समग्र आईडी में पत्नी का नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया। सहायक कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान को तत्काल नाम शामिल कराने के निर्देश दिए। राजबहोर केवट निवासी महसांव ने उन्हें किसान सम्मान निधि योजना के लिए पुनः पात्र करने के लिए आवेदन दिया। सहायक कलेक्टर ने एसडीएम गुड़ को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए।जन सुनवाई में गंगा प्रसाद एवं अन्य निवासी ग्राम गाड़ा 138 ने शासकीय जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। एसडीएम जवा को प्रकरण में कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। रामगोपाल सिंह निवासी ग्राम बरा 396 ने खसरे में सुधार के लिए आवेदन दिया। तहसीलदार बनकुइयाँ को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए गए। रामायण पटेल निवासी ग्राम खजुआ ने खजुआ मंदिर की भूमि पर लगाई गई अवैध फसल की कुर्की के लिए आवेदन दिया। तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इन्द्रमणि प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम सलैया हनुमान ने संविदा शाला शिक्षक नियुक्ति के संबंध में उच्च न्यायालय के आदेश का पालन कराने के लिए आवेदन दिया। सहायक कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश का तत्काल पालन कराने के निर्देश दिए। जन सुनवाई में सीमांकन, पेंशन, बीपीएल में नाम जोड़ने सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई ।

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की मांग को स्वास्थ्य मंत्री ने पूरा किया

### पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद शर्मा ने जनहित में सौपा था ज्ञापन

मनेद्रगढ़ - भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद शर्मा द्वारा जनहित के मुद्दे पर बीते एक अगस्त 2023 को एमसीबी- जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की थी कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों की कमी को पूर्ण किया जाए जिसमें प्रमुख माग महिला चिकित्सक डाक्टर की थी। जिसमें छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विगत दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में औचक निरीक्षण के दौरान घोषणा किया था कि स्वास्थ्य विभाग की कमियों को जल्द पूरा किया



जाएगा। मनेद्रगढ़ में महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ स्वाती मूंदड़ा तथा सीएचसी को मिले पांच डॉक्टर एक जनरल सर्जन भी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ परिवार ने अभार व्यक्त किया। कहा स्वास्थ्य विभाग और भी कई कमियां हैं जैसे डाक्टरों की पूर्ण रूप से 24 घंटा व्यवस्था हो, सोनोग्राफी, प्रति दिन रिकार्ड मेंटनेंस हो, सीसी टी.वी. की प्रत्येक वार्ड में व्यवस्था हो, ब्लड बैंक उपलब्ध कराया जाये, मरीजो से व्यवहार पूर्वक इलाज किया जाये, मरीजो को जैनरिक दवाईया लिखी जाये जिससे मरीज आसानी से दवाई खरीद कर इलाज करा सके

# बिना अतिरिक्त राशि दिए मिलेगी गैस सिलेण्डर की होम डिलेवरी

### होम डिलेवरी के लिए अतिरिक्त राशि का आदेश निरस्त

रीवा 2 घरेलू एलपीजी गैस का उपयोग करने वालों को निर्धारित राशि पर गैस सिलेण्डर रिफिल कराने की सुविधा है। गैस वितरण करने वाली कंपनी के वितरक उपभोक्ता को बिना किसी अतिरिक्त राशि के गैस सिलेण्डर की होम डिलेवरी करते हैं। जिले में गैस सिलेण्डर की होम डिलेवरी की अतिरिक्त राशि के संबंध में वर्ष 2020 एवं 2021 में जिला स्तर से आदेश जारी किए गए थे। इन दोनों आदेशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि एलपीजी गैस सिलेण्डर की रिफिल के लिए निर्धारित राशि



पर ही वितरण एजेंसी होम डिलेवरी करे। उपभोक्ता को इसके लिए कोई अतिरिक्त राशि नहीं देनी है। वितरण एजेंसी अधिक दूरी होने पर भी वितरक को बिना अतिरिक्त चार्ज के भरे हुए सिलेण्डर घर तक पहुंचाएं। सभी गैस वितरक आदेश का पालन सुनिश्चित करें। अतिरिक्त राशि लेने के संबंध में यदि किसी तरह की शिकायत प्राप्त होती है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर प्रशासन सख्त खाद्य विभाग की लगातार कार्यवाही जारी

रीवा कलेक्टर रीवा के निर्देश पर खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की जांच हेतु गठित जांच दल द्वारा आज सिरमौर चौराहा स्थित , न्यू सुरेश डेरी आईजी ऑफिस के सामने स्थित कारखाने पर छापामारी कार्रवाई की गई। कारखाने में निर्माण का कोई लाइसेंस नहीं पाया गया। दुकान में विक्रय किया जा रहे पनीर क्रीम मावा एवं दही के नमूने जांच हेतु लिए गए। कांटे पर नापतोल विभाग का सत्यापन ना पाए जाने से ना कांटे को जप्त किया गया। जांच दल द्वारा रीवा शहरी क्षेत्र में दूसरी कार्यवाही ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रिलायंस मार्ट में की गई तथा दूध लस्सी छाछ एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने जहां हेतु लिए गए।जांच दल द्वारा रीवा शहरी क्षेत्र के अतिरिक्त कस्बा क्षेत्र में भी जांच की कार्रवाई की गई है इसमें आज मंनगवा स्थित चिलिंग प्लांट महावीर मिल्क प्रोडक्ट की जांच की गई एवं दूध का नमूना जांच हेतु लिया गया तथा नापतोल विभाग द्वारा सत्यापन ना पाए जाने से कांटे को जप्त किया गया। मंनगवा



स्थित श्रीराम मिष्ठान भंडार की जांच के दौरान दल को सड़ा हुआ दही चटनी के लिए इस्तेमाल करते पाया गया जिसे नष्ट कराया गया एवं विक्रय किया जा रहे संदिग्ध मावा जो की संचालक द्वारा इलाहाबाद से मांगाऐ जाने का बताया गया। उक्त मावा का नमूना जाच हेतु लिया गया। इसके अतिरिक्त दुकान से विक्रय किया जा रहे हैं दही का भी नमूना जांच हेतु लिया गया । मंनगवा स्थित बीकानेर मिष्ठान की जांच भी जांच दल द्वारा की गई एवं जांच के दौरान विक्रय किया जा रहे हैं पनीर एवं दही का नमूना जांच हेतु लिया गया है बीकानेर मिष्ठान भंडार के कारखाने में किसी प्रकार का कोई लाइसेंस नहीं पाया गया एवं स्वच्छता का अभाव पाया गया इसके संबंध में इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया जा रहा है। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे, साबिर अली, रश्मि तिवारी, शकुंतला मिश्रा, नापतोल सहायक नियंत्रक, विजय कुमार खातरकर,जेएसओ सुभाष द्विवेदी शामिल रहे।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय कुई में विद्यालय परिवार की ओर से प्रक्षेपण यंत्र(प्रोजेक्टर) और एनईपी वर्ष 2020 नई शिक्षा नीति के बिन्दुओं का शुभारंभ सहायक संयुक्त संचालक श्रीमती पुष्पा ढोंढी द्वारा फीता काटकर किया गया!





**अशोक पाठक/पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर-** शासकीय मा.वि.कुई में प्रक्षेपण यंत्र(प्रोजेक्टर) का शुभारंभ सहायक संयुक्त संचालक श्रीमती पुष्पा ढोंढीं जी ने फीता काटकर किया साथ ही एनईपी नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 का शुभारंभ किया इस अवसर पर एडीपी श्री सुदीप सिंह भदौरिया,एएसओ सुश्री अपर्णा कुशवाह,बीआरसीसी श्री हरिचरण शाक्य,आईटी प्रभारी श्री अरविंद सिंह तोमर,जे.पी. व्यास,बीएसी श्री निरंजन गुर्जर सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री दामोदर प्रसाद व्यास एवं शिक्षकगण श्री देवेन्द्र तिवारी,श्री राजेश राजौरिया,श्रीमती सविता सिंह,श्री राजेश सिंह कुशवाह एवं छात्र,छात्राएं मुख्यरूप से उपस्थित रहे इस अवसर पर विद्यालय के टॉपर छात्र,छात्राओं को पुरस्कृत किया गया सहायक संयुक्त संचालक श्रीमती पुष्पा ढोंढी जी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक की सराहना करते हुए कहा कि में पहला विद्यालय देख रहीं हूं जहां विद्यालय परिवार ने प्रधानाध्यापक के कहने पर स्वयं के द्वारा अपने खर्चे पर यूनीफॉर्म बनवाई है छात्र,छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए!

## संयुक्त किसान मोर्चा ने दिया ज्ञापन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**ग्वालियर-** देश भर में भाजपा सांसदो को ज्ञापन देकर एम एस पी की गारंटी, किसानों को सस्ती बिजली देने, लखीमपुर खीरी में किसानों को गाड़ी से कुचलने के मामले में गृह राज्य मंत्री टेनी मिश्रा की बर्खास्तगी, किसान पेंशन पांच हजार देने, आदि की मांग को लेकर भाजपा सांसदो को ज्ञापन देने का आह्वान किया था यह निर्णय संयुक्त किसान मोर्चा ने पूरे देश में भाजपा सांसदों के घरों पर प्रदर्शन करके देने का तय किया था इस आह्वान के तहत आज ग्वालियर में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से सांसद श्री विवेक नारायण सेजवलकर के निवास पर पहुंचकर प्रदर्शन करके उन्हें ज्ञापन दिया गया प्रदर्शनकारी किसानों ने मांग कि की वह इस ज्ञापन को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पहुचाये, एवं देश की संसद में किसानों की पक्ष में आवाज उठाएं, सांसद द्वारा आश्वासन दिया गया की वे इस ज्ञापन को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का काम करेंगे, आज सुबह 11-00 बजे सांसद की बंगले पर प्रदर्शन किया गया एवं ज्ञापन दिया गया । संयुक्त किसान मोर्चा ग्वालियर ने आह्वान किया है की तत्काल प्रभाव से अगर केंद्र सरकार किसानों की मांगों को पूरा नहीं करती तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।आज के इस प्रदर्शन में मध्य प्रदेश किसान सभा के राज्य महासचिव अखिलेश यादव,किसान मोर्चा के पी पी शर्मा अशोक पाठक, रणवीर सिंह यादव राय सिंह, रामकिशन सिंह कुशवाहा, जनपद सदस्य रसीद खान, मजदूर नेता भगवान दास सैनी, किसान नेता राजेंद्र सविता, आदि उपस्थित रहे।

## हाई कोर्ट ने नगर निगम के अधिकारियों को लगाई जमकर फटकारा, कहा- किसके कहने पर खुराफात करते हो?



ग्वालियर, । स्वर्णरेखा नदी के पुनरोद्धार की मांग वाली जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान बुधवार को हाई कोर्ट की युगलपीठ के जस्टिस रोहित आर्या ने फिर नगर निगम के अधिकारियों की क्लास लगा दी। आदेश का ठीक से क्रियान्वयन न होने से नाराज हाई कोर्ट ने नगर निगम के उपायुक्त और अपर आयुक्त को उनके द्वारा दायर हलफनामे पर जमकर फटकारा।जस्टिस ने अपर आयुक्त विजयराज से पूछा- किसके कहने पर खुराफात करते हो? हलफनामा जिन बिंदुओं पर पर पेश करना था, उनके बारे में सरकार के कौन-से रिकार्ड जांचे हैं आपने? अदालत ने कहा कि अथारिटी लेटर दिखाओ, जिसके तहत आपने निरीक्षण किया और क्या जानकारी प्राप्त की? जो 50 लाख रुपये अगर पहले कभी स्वीकृत हुए हैं तो उनके बारे में आपने क्या जांच पड़ताल की है?नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह और स्मार्ट सिटी सीईओ नीतू माथुर को भी सवालों के घेरे में लिया। सभी अधिकारी हाई कोर्ट में अपनी सफाई देते रहे लेकिन अंत तक में जस्टिस आर्या ने नाखुश होकर मामले की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 27 फरवरी को दोबारा सुनवाई की तारीख तय कर दी।

## बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा आज किया जाएगा ऊर्जा मंत्री निवास घेराव

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर**-गिरवाई,अजयपुर,वीरपुर, बेलदार पुरा, आदि क्षेत्र में किसानों को फ्लैट रेट से बिजली न लेकर यूनिट के आधार पर बिजली दी जा रही है। जबकि खेती के लिए किसानों को फ्लेट रेट की दर से दिये जाने का प्रावधान है, लेकिन 2016 से इस क्षेत्र में किसानों को बैगर सूचना दिये ही फ्लेट रेट की बिजली बंद करके मीटर रीडिंग के आधार पर बिजली देना शुरू कर दिया। इसके खिलाफ किसान लगातार आंदोलन करते रहे है, अभी हाल ही में ही 2फरवरी को किसान सेकड़ो की संख्या में ऊर्जा मंत्री के बंगले पर पहुँचे थे तब ऊर्जा मंत्री ने दूरभाष पर यह कहा था की मै अभी बाहर हू और दो दिन में किसानों से मुलाकात करूँगा, लेकिन ऊर्जा मंत्री 20 दिन हो गए नही मिले है, फ्लेट रेट की बिजली से किसानों का खेती करना दूभर हो गया है, कई किसानों के बिजली काट दी गई है बिजली काटने से उनके खेती सूख रही है उनकी सब्जियां सूख रही है उन्हें भारी नुकसान हो रहा है बिजली का बिल लगातार बढ़ते बढ़ते अधिकांश किसानों पर 3 लाख से 5 लाख रुपए तक



का किसानों पर बिजली का बिल बकाया हो गया है इस विषम परिस्थिति में किसान लगातार यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें फ्लैट रेट की बिजली दी जाए लेकिन विद्युत प्रशासन और सरकार में बैठे मंत्री किसानों की मांग को अनसुनी कर रहे हैं। इसके विरोध में पुन 22 फरवरी को दोपहर 12-00 बजे ऊर्जा मंत्री के बंगले पर किसान प्रदर्शन करेंगे।मध्य प्रदेश किसान सभा की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार जिला अध्यक्ष तलविंदर सिंह एवं उपाध्यक्ष नाहर सिंह कुशवाहा ने बताया है कि इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से किसान सभा के महासचिव अखिलेश यादव, सुग्रीव सिंह कुशवाहा शामिल होंगे। इससे पहले किसान गिरवाइ रोड पर एकत्रित होकर जुलूस की शक्ल बनाकर ऊर्जा मंत्री के बंगले पर पहुंचेंगे, किसानों ने गिरवाई अजयपुर वीरपुर के समस्त किसानों से कल 22 फरवरी को दोप 12 बजे ऊर्जा मंत्री के बंगले पर होने वाले प्रदर्शन के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।अपील करने वालों में नहर सिंह कुशवाहा रूप सिंह कुशवाह लखन सिंह कुशवाहा सरवन सिंह कुशवाहा बघेल में इंदर सिंह बघेल इंदर सिंह बघेल और कमल सिंह बघेल गौतम सिंह बघेल मुकेश बघेल सूर्य राम बघेल कल लोधी लायक्रम बघेल बनिया आदिवासी रामनिवासह बघेल भवंर सिंह कुशवाह, विजय सिंह कुशवाह कोठारी कुशवाह लायकराम बघेल दाताराम बघेल शिवचरन यादव मोहन सिंह नेताजी दीवान सिंह लायकराम कुशवाह औतार सिंह कुशवाह गुलाब सिंह हरमुख सिंह लाखन सिंह कुशवाह रूप सिंह काशीराम सुरेश कुशवाह इदंर सिंह बघेल भवंर सिंह कुशवाह आदि शामिल है

## कैलारस तक मेमू ट्रेन चलाने की तैयारी, 26 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली कर सकते हैं उद्घाटन




ग्वालियर। लोकसभा चुनाव से पहले ग्वालियर-श्योपुर ब्राडगेज परियोजना के अंतर्गत कैलारस तक मेमू ट्रेन का संचालन आगामी 26 फरवरी से शुरू हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिन देशभर की कई रेल परियोजनाओं सहित आइआइएम जैसे संस्थानों का वर्चुअली उद्घाटन करने जा रहे हैं। ऐसे में झांसी मंडल के अधिकारियों को संदेश भेजा गया है कि वे तैयारियों को मूर्तरूप देने में जुट जाएं। इस दिन प्रधानमंत्री सिथौली से हेतमपुर के बीच नौ रेल फाटकों और श्योपुर परियोजना के अंतर्गत 40 रेल फाटकों का भी उद्घाटन करेंगे।

**मार्च में लग सकती है आचार संहिता**-दरअसल, मार्च माह में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग जाएगी। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले प्रधानमंत्री ने अक्टूबर 2023 में ग्वालियर-श्योपुर ब्राडगेज परियोजना के अंतर्गत ग्वालियर से सुमावली तक मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी।इसके बाद चरणबद्ध तरीके से इस ट्रेन को जौरा और फिर कैलारस तक बढ़ाया जाना था। पूर्व में जौरा तक ट्रैक का रेल संरक्षा आयुक्त ने निरीक्षण भी किया था, लेकिन ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचइ) लाइन का काम बाकी रहने के कारण ट्रेन का विस्तार नहीं हो सका।

गत 16 फरवरी को रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने जौरा से कैलारस तक लाइन का निरीक्षण कर लिया है और संभावना जताई जा रही है कि एक-दो दिन में इस ट्रैक पर ट्रेन दौड़ाने की हरी झंडी मिल जाएगी। ऐसे में आगामी 26 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कैलारस तक मेमू ट्रेन का उद्घाटन कर सकते हैं। इसके साथ ही सिकरौदा के पास दो अंडरपास को भी उद्घाटन की सूची में शामिल किया जाएगा।

## फोन पर बात कर रही पत्नी की अवैध संबंधों के शक में हत्या, चाकू और डंडे से वार कर गला घोंटा

ग्वालियर। अपनी पत्नी के किसी अन्य युवक से अवैध संबंध होने के शक के चलते जलालपुर के रहने वाले बलवीर कुशवाह ने अपनी पत्नी मीना कुशवाह की हत्या कर दी। बलवीर को शक था कि उसकी पत्नी के किसी रवि जाटव नामक युवक से संबंध है, दोनों रोजाना फोन पर बातचीत भी करते हैं। इस चक्कर में आए दिन दोनों के बीच लड़ाई झगड़े होते थे।

घटना मंगलवार की रात साढ़े आठ बजे की है। महिला को फोन पर बात करता देख दोनों के बीच फिर से विवाद शुरू हो गया । विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया । गुस्से में आकर बलवीर ने अपनी पत्नी के शहर में छह जगहों पर वार किया ।

**डंडे से किया जोरदार वार**-इसके




बाद एक मोटे डंडे से पत्नी के सिर पर जोरदार वार किया जिससे वह लहूलुहान हो कर गिर पड़ी । इतने से भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ तो बलवीर ने अपनी पत्नी के गले में बंधे हुए धागे से उसका गला घोंट दिया । जब उसे यकीन हो गया कि उसकी पत्नी मर चुकी है तो वह अपने तीन बच्चों में से एक को लेकर मौके से फरार हो गया। घर के बाहर से आए उसके दोनों बच्चों ने जब अपनी मां को मृत अवस्था में पड़ा देखा तो घबरा गए । उन्होने तत्काल पूरी घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाते ही नागेंद्र सिंह सिकरवार सीएसपी महाराजपुरा और फोरेंसिक एक्सपर्ट डा.अखिलेश भार्गव अन्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए । मौके पर पहुंच कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

**इनका कहना है**-'घटना की सूचना मिलते ही मौके पर जाकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के आधार पर आरोपित की खोज जारी है। जल्द ही आरोपित को पकड़ लिया जाएगा। '-नागेंद्र सिंह **सिकरवार,सीएसपी,महाराजपुरा**

## 71 साल के बुजुर्ग की पीड़ा-पुलिस मेरा रेडियो उठा लाई,भजन सुनता था, वापस दिला दो कलेक्टर साब



ग्वालियर। 71 साल के बुजुर्ग ने कलेक्टर की जनसुनवाई में पीड़ा बताई कि गिरवाई थाना पुलिस तीन माह पहले उसका रेडियो उठा लाई थी जिसमें वह सुबह शाम भजन सुनता था। कलेक्टर से यह रेडियो वापस दिलाने की मांग की गई है। गिरवाई में रहने वाली जगदीश कुशवाह ने शिकायती पत्र में लिखा है कलेक्टर गिरवाई थाना पुलिस को आदेश करें कि वह रेडियो को लौटा दें। इसके साथ ही सुबह शाम रेडियो के माध्यम से आरती किए जाने की अनुमति प्रदान करें।

**रेडियो पेड़ पर थैले में लटका हुआ था**-जगदीश सिंह कुशवाह निवासी धौकलपुरा वीरपुर ने बताया कि गिरवाई इलाके में खेत में सिद्व भूमिया बाबा के चबूतरे पर रेडियो पेड़ पर थैले में लटका हुआ था और 20 नवंबर 2023 को पुलिस स्टाफ आया और थैले को ले गया। सुबह जब आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि पुलिसवाले आए थे और थैला रेडियो ले गए।

**पैन का दुरूपयोग, 46 करोड़ का लेनदेन किया**-कलेक्टर की जनसुनवाई में प्रमोद सिंह डंडोतिया ने शिकायत कि कि कुछ अज्ञात लोगों ने उसके पैन का दुरूपयोग किया गया है।

## पटेरिया को पहचानने से गवाह का इंकार, प्रधानमंत्री के खिलाफ विवादित टिप्पणी का मामला



ग्वालियर। पूर्व मंत्री राजा पटेरिया के खिलाफ जिला अदालत की एमपीएमएलए कोर्ट में चल रहे मामले में मंगलवार की सुनवाई में मुख्य गवाह चंद्रेश गौतम पक्ष द्रोही हो गया। चंद्रेश गौतम वही है जिसने राजा पटेरिया की वह वीडियो जिसमे वह देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ विवादित टिप्पणी कर रहे थे, की डीवीडी और पेन ड्राइव उपलब्ध करवाई थी।मंगलवार को जब कोर्ट ने उससे पूछा तो उसने साफ इन्कार कर दिया। उसने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने उसे डरा-धमकाकर कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए थे। जब शासन की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने सवाल पूछा कि वह पढ़ा लिखा है फिर बिना पढ़े हस्ताक्षर क्यों किए? तो गवाह बोला कि वह छात्र है और पुलिस के धमकाने से डर गया। उसे अपना छात्र जीवन खराब होता दिखा तो उसने न तो किसी से शिकायत की और न ही पुलिस से सवाल जवाब किए।

बता दें सुनवाई के दौरान कोर्ट में राजा पटेरिया भी मौजूद थे लेकिन गवाह ने पूछे जाने पर उन्हें भी पहचानने से मना कर दिया।उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री राजा पटेरिया पर 12 दिसंबर 2022 को जिला पन्ना के पवई में एक सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने अपने बयानों में संविधान बचाने के लिए मोदी की हत्या करने को तैयार रहने की बात कही थी।

## लोक सभा चुनाव से पहले ही झटका, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री समेत कई पार्षदों को आज सीएम दिलाएंगे भाजपा की सदस्यता



छिंदवाड़ा। लोक सभा चुनाव 2024 से पहले ही कांग्रेस को फिर झटका लगने वाला है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री समेत कई पार्षद को आज मुख्यमंत्री मोहन यादव भाजपा की सदस्?यता दिलाएंगे। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री उज्ज्वल सिंह चौहान ( अज्जू ठाकुर), प्रवीण सिंह चौहान का काफिला, आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष भाजपा की सदस्यता लेंगे । संतराचल के दिग्गज नेता, **पोला ग्राउंड में सभा के बाद दौरान रोड शो का भी कार्यक्रम**-मुख्यमंत्री मोहन यादव बुधवार को छिंदवाड़ा आएंगे। पोला ग्राउंड में सभा के बाद दौरान रोड शो का भी कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कांग्रेस भवन के नजदीक पोला ग्राउण्ड पर सभा करेंगे। उनका शहर में रोड शो भी होगा।ऐसे में यह राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि सीएम को दिल्ली से कोई न कोई ऐसा राजनीतिक बदलाव का संकेत मिला है, तभी वे छिंदवाड़ा आ रहे हैं। सीएम यहां भी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिला सकते हैं। इससे भाजपा को लोकसभा चुनाव की रणनीति में मदद मिलेगी। इस बारे में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने सिर्फ ये कहा कि सीएम छिंदवाड़ा आ रहे हैं। उनका सभा और रोड शो का कार्यक्रम है। सीएम के आगमन की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन सक्रिय हैं। शाम को कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, एसपी विनायक वर्मा समेत अन्य पुलिस-प्रशासन अधिकारी पोला ग्राउण्ड पहुंचे। ग्राउंड में मंच और दर्शक दीर्घा को देखा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478